5. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. सलाहकार नियोजन, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. मुख्य नगर नियोजक, विकास प्राधिकरण, लखनऊ/कानपुर।

आज्ञा से,
(धर्मेन्द्र कुमार पाठक)
अनु सचिव।

नजूल भूमि प्रबन्धन

संख्या-3/2020/460/आठ-4-2020-137एन/2013टी0सी0

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **समस्त मण्डलायुक्त,**
उत्तर प्रदेश।

2. **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

3. **उपाध्यक्ष,**
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-4 **लखनऊ: दिनांक: 27 जुलाई, 2020**

विषयः **नजूल भूमि को फ्री-होल्ड किये जाने सम्बन्धी समस्त शासनादेशों का स्थगन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-1562/9-आ-4-92-293एन/90 दिनांक 23.05.1992 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नजूल भूमि के प्रबन्धन और इसके निस्तारण के सम्बन्ध में नीति निर्धारित करते हुए नजूल भूमि की फ्रीहोल्ड सम्बन्धी निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त शासनादेश दिनांक 23.05.1992 के क्रम में समय-समय पर अन्य शासनादेश निर्गत किये गये हैं। वर्तमान में शासनादेश संख्या-1/416/8-4-14-137एन/2013 दिनांक 04.03.2014 तथा शासनादेश संख्या-3/2015/107/ 8-4-15-137एन/2013 दिनांक 15.01.2015 का शासनादेश प्रभावी है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गवर्नमेण्ट ग्राण्ट एक्ट, 1895 रिपील हो चुका है। उक्त एक्ट के रिपील हो जाने के कारण उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (प्रबन्धन एवं निस्तारण) अधिनियम, 2020 के प्राख्यापन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

उपरोक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि नजूल भूमि से सम्बन्धित शासनादेशों को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया जाय ताकि किसी प्रकार की विषमता उत्पन्न न हो सके। उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (प्रबन्धन एवं निस्तारण) अधिनियम, 2020 के प्राख्यापन उपरान्त नियमावली/शासनादेश निर्गत किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। अतः नजूल भूमि के प्रबन्धन एवं निस्तारण तथा फ्रीहोल्ड सम्बन्धी निर्गत समस्त शासनादेशों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-3/2020/460(1)/आठ-4-2020-137एन/2013टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
5. समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
6. निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
8. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

मनोज कुमार मौर्य
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

विकास/निर्माण योजनाएँ

ई-मेल/शीर्ष प्राथमिकता
संख्या-4/2020/693/आठ-3-2020-211 विविध/13 टी.सी.

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आयुक्त,
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
उत्तर प्रदेश।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. अध्यक्ष/जिलाधिकारी,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

4. नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 01 जुलाई, 2020

विषय:- **आवास एवं विकास परिषद/विकास प्राधिकरण/विशेष क्षेत्र, विकास प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत जारी निर्माण/विकास कार्य तथा भवन मानचित्रों से संबंधित स्वीकृतियों/अनापत्ति प्रमाण-पत्र (जो रेरा से आच्छादित नहीं हैं) की समयावधि को कोविड-19 के फलस्वरूप लागू किये गये लॉक-डाउन के कारण बढ़ाये जाने के संबंध में।**

महोदय,

आप अवगत है कि लॉकडाउन काल में नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण निर्माण क्रियाओं में गतिरोध उत्पन्न होने के कारण रियल एस्टेट सेक्टर को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्रेडाई, उ.प्र. द्वारा निर्माण/विकास कार्य एवं भवन मानचित्रों से संबंधित स्वीकृतियों एवं अनापत्ति पत्रों की समय वृद्धि किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- क्रेडाई, उ.प्र. द्वारा किये गए अनुरोध पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के नियंत्रणाधीन अभिकरणों द्वारा जारी निर्माण/विकास कार्य एवं भवन मानचित्रों से संबंधित स्वीकृतियों एवं अनापत्ति पत्रों की समय वृद्धि केन्द्र सरकार द्वारा रेरा से आच्छादित स्वीकृतियों की समय वृद्धि हेतु जारी गाइड लाईन के अनुसार ही बढ़ाया जाना युक्तिसंगत एवं तर्कसंगत होगा। इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा रेरा से आच्छादित प्रकरणों के संबंध में निम्नवत् व्यवस्था दी गयी है :-

- Treat COVID 19 as an event of "Force Majeure" under RERA.
- Extend the registration and completion date suo-moto by 6 months for all registered projects expiring on or after 25th March 2020 without individual applications.
- Regulatory Authorities may extend this for another period of up to 3 months, if needed.
- Issue fresh 'Project Registration Certificates' automatically with revised timelines.
- Extend timelines for various statuary compliances under RERA concurrently.

3- तद्नुसार आवास एवं विकास परिषद/विकास प्राधिकरणों/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों, द्वारा जारी निर्माण/विकास कार्य एवं भवन मानचित्रों से संबंधित स्वीकृतियों एवं अनापत्ति पत्रों, जो रेरा से आच्छादित नहीं हैं तथा जिनकी स्वीकृति अवधि दिनांक 25 मार्च, 2020 अथवा उसके बाद समाप्त हो रही है, को 06 माह की समय वृद्धि बिना किसी आवेदन के स्वतः प्रदान की जाए। इसे आवश्यकतानुसार अभिकरण स्तर से पुनः 03 माह और बढ़ाया जा सकता है। उपरोक्त समयवृद्धि हेतु कोई अतिरिक्त मानचित्र अथवा अन्य शुल्क देय नहीं होंगे।

4- उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने अभिकरणों से संबंधित निर्माण/विकास कार्यों एवं भवन मानचित्रों विषयक स्वीकृतियों एवं अनापत्ति पत्रों से संबंधी प्रकरणों पर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- मण्डलायुक्त/अध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण।
3- मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वेबसाइट पर अपलोड करते हुए समस्त संबंधित को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5- सचिव, उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
6- समस्त अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या- 5 /2020/2223/आठ-2-2020-11एन0सी0आर0/09

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम,
नई दिल्ली।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक- 25 सितम्बर, 2020

विषय- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर0आर0टी0एस0) की दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर परियोजना के लिए एन0सी0आर0टी0सी0, केन्द्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य सहमति पत्र (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-NCRTC/D-M/MoU/91, दिनांक 11.03.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर0आर0टी0एस0) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु शासनादेश संख्या-1/2019/617/आठ-2-2019-05एन0सी0 आर0/17, दिनांक 07 मार्च, 2019 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। परियोजना के संचालन हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी), केन्द्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य सहमति पत्र (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया है:-

(1) केन्द्रीय मंत्रि-मण्डल के आदेश संख्या-K-14011/17/2017-MRTS-I(Vol-II) दिनांक 07.03.2019 द्वारा आर0आर0टी0एस0 परियोजना के लिए निर्गत की गयी स्वीकृति आदेश में उल्लिखित बिन्दुओं/शर्तों/प्रतिबन्धों के अनुसार परियोजना के संचालन एवं व्यय भार वहन करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की सहमति प्रदान किया जाना।

(2) उपरोक्त प्राविधानों के साथ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आर.आर.टी.एस. कॉरीडोर परियोजना के कार्यान्वयन हेतु एम0ओ0यू0, जो कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के आदेशानुसार तैयार किया गया है तथा केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित और अग्रसारित है, पर उत्तर प्रदेश सरकार का अनुमोदन प्रदान किया जाना।

(3) केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित और अग्रसारित एम0ओ0यू0, जो केन्द्र सरकार, एन0सी0आर0टी0सी0 तथा प्रदेश सरकार के मध्य हस्ताक्षरित होना है, पर प्रदेश सरकार की ओर से हस्ताक्षर करने हेतु प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को अधिकृत किया जाना।

2- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम द्वारा शासनादेश संख्या-1/2019/617/आठ-2-2019-05एन0सी0 आर0/17, दिनाक 07.03.2019 तथा एम0ओ0यू0 के प्रतिबन्धों के अधीन परियोजना लक्षित समयसीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3- कृपया आर0आर0टी0एस0 परियोजना के लिए तैयार किये गये एम0ओ0यू0, जो केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एवं पत्र संख्या-K-14011/17/2017-MRTS-I(Vol.II) दिनांक 11.09.2019 द्वारा अग्रसारित है, को औपचारिक हस्ताक्षर हेतु शासन को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या- 5 /2020/2223/आठ-2-2020, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. विशेष सचिव/स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4. सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, वाह्य सहायतित परियोजना, न्याय, ऊर्जा, परिवहन, नगर विकास, गृह, वित्त, औद्योगिक विकास, राजस्व तथा नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उ0प्र0 प्रभाग, गाजियाबाद।
8. आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद लखनऊ।
9. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0।
10. आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ।
11. जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ/गाजियाबाद।
12. प्रबंध निदेशक, लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0।
13. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
14. नगर आयुक्त, मेरठ/गाजियाबाद।
15. उपाध्यक्ष, मेरठ/गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।
16. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय कुमार सिंह)

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

महायोजनाएँ

शीर्ष प्राथमिकता/अतिमहत्वपूर्ण

संख्या–195/आठ–3–20–170 विविध/2017

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

3. उपाध्यक्ष
समस्त विकास प्राधिकरण

4. अध्यक्ष/जिलाधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र

5. जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनाँक : 10 फरवरी, 2020**

विषय :– शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कियान्वित अटल मिशन फॉर रेज्यूवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेशन (AMRUT) के अन्तर्गत जी0आई0एस0 आधारित महायोजना तैयार किये जाने विषयक।

महोदय,

आप अवगत हैं कि शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कियान्वित अटल मिशन फॉर रेज्यूवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेशन (AMRUT) के अन्तर्गत प्रदेश के 60 नगरों में जी0आई0एस0 आधारित महायोजना का निर्माण समयबद्ध रुप से किया जाना है। इस संबन्ध में भारत सरकार द्वारा नियमित रुप से अनुश्रवण भी किया जा रहा है। राज्य में जी.आई.एस. आधारित महायोजनाओं के निर्माण की कार्यवाही हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 पदेन नोडल अधिकारी नामित हैं।

2– AMRUT के अन्तर्गत जी0आई0एस0 आधारित महायोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु दिनांक 28 जनवरी, 2020 को नगर एवं ग्राम नियोजक के मुख्यालय में एक प्रस्तुतीकरण/बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विभागीय अधिकारियों सहित उपरोक्त योजना से संबंधित कन्सलटेन्ट द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में मुख्य रुप से यह तथ्य भी संज्ञान में आये कि इस प्रकरण में जिला/प्राधिकरण स्तर पर अपेक्षित गंभीरता का अभाव है तथा संबंधित कन्सलटेन्ट को वांछित सूचना यथा सजरा मानचित्र इत्यादि समय से उपलब्ध न हो पाने के कारण प्रथम चरण में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। उक्त बैठक में मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 60 नगरों में से अभी तक 42 नगरों की सर्वे–शीट्स एन.आर.एस.सी. द्वारा उपलब्ध करायी गयी है तथा जिन नगरों की सर्वे–शीट्स प्राप्त नहीं है, उन्हे उपलब्ध करायी गयी इन्सेप्शन रिपोर्ट, जो मात्र कन्सेप्ट प्लान है, जिसमें मेथोडोलाजी, सिटी प्रोफाइल, वे–फार्वर्ड आदि प्रस्ताव लिये गये है, को सर्वे–शीट्स के अभाव में न रोका जाये क्योंकि इन्सेप्शन रिपोर्ट में इसकी आवश्यकता नहीं है। जी0आई0एस0 आधारित महायोजनाओं का निर्माण, भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकार की भी अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना को जिला/प्राधिकरण स्तर पर शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करते हुये अधिकारियों को और संवेदनशील/जागरुक कर संबंधित कन्सलटेन्ट/एजेंसी को अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।

क्रमशः...2

3– उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है तथा संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सूचना/विवरण पर आधारित है। संबंधित विभागों की वास्तविक एवं समुचित सूचना/डेटा उपलब्ध न हो पाने अथवा विलम्ब से सूचना प्राप्त होने पर महायोजना के निर्माण की गति तथा इसकी गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह अवगत कराना उचित होगा कि संबंधित कन्सलटेन्ट द्वारा इन्सेप्शन (Inception) रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात चरणबद्ध रूप से महायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना है। अतएव इस कार्य हेतु समस्त संबंधित विभागों द्वारा इस कार्य में पूर्ण रूचि लेते हुए अपेक्षित सहयोग दिया जाना अपरिहार्य है। उल्लेखनीय है कि यह कार्य सामान्य जन की सुविधा से संबंधित है। अतएव इसमें समस्त संबंधित विभागों द्वारा विशेष ध्यान एवं रूचि लिये जाने की आवश्यकता है। प्रश्नगत प्रकरण में संबंधित विभाग और उनसे वांछित सूचना के विवरण की चेक लिस्ट संलग्न है।

4– उपरोक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कियान्वित अटल मिशन फॉर रेज्यूवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेशन (AMRUT) के अन्तर्गत जी0आई0एस0 आधारित महायोजना तैयार किये जाने हेतु समस्त संबंधित परिधिगत अधिकारियों को समयबद्ध रुप से कार्यवाही करने के निर्देश दिये जायें तथा संबंधित जिलाधिकारी कार्यालय तथा विकास प्राधिकरण कार्यालय में किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी के रुप में नामित किया जाय, जिसका दायित्व महायोजना के निर्माण हेतु नामित संस्था के कन्सलटेन्ट को प्रश्नगत कार्य हेतु वांछित सूचना/डेटा सरलता और सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराना होगा। नामित नोडल अधिकारी का नाम/पदनाम, दूरभाष/मोबाइल संख्या एवं ई–मेल संबंधित कन्सलटेन्ट एवं मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को उपलब्ध कराया जाय। उपरोक्त कार्यवाही तीन दिन में पूर्ण कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराई जाय।

5– प्रश्नगत प्रकरण में निर्धारित समयावधि में समस्त वांछित कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु नियमित रुप से उच्च स्तर पर प्रभावी अनुश्रवण किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत मुझे यह कहने का भी निदेश हुआ है कि इस प्रकरण में जिलाधिकारी के स्तर पर नियमित रूप से पाक्षिक बैठक आहूत कर जी0आई0एस0 आधारित महायोजना के निर्माण में कन्सलटेन्ट को आ रही कठिनाईयों का निराकरण कराया जाय तथा मण्डलायुक्त स्तर पर नियमित रुप से मासिक समीक्षा करते हुये मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को प्रगति आख्या उपलब्ध कराई जाय। मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा समस्त मंडलों की संकलित सूचना/प्रगति आख्या शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रश्नगत प्रकरण को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की जाय।

<u>संलग्नक: यथोक्त।</u>

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

क्रमश.....3

संख्या–195 (1)/आठ–3–20–170 विविध/2017–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

(2) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, गृह विभाग, नगर विकास विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग, सहकारिता विभाग, श्रम विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(3) स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

(4) पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0

(5) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(6) निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(7) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनीष चन्द्र श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8
संख्या– 395 /आठ–8–2020–11एलयूसी/2019
लखनऊ : दिनांक : 12 फरवरी, 2020

अधिसूचना

चूंकि राज्य सरकार बरेली विकास क्षेत्र के अन्तर्गत बरेली महायोजना–2021 में संशोधन करने के संबंध में आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त करने की सूचना स्थानीय समाचार पत्र "दैनिक जागरण" तथा "दि–टाईम्स ऑफ इण्डिया" के संस्करण में दिनांक 02.11.2019 को प्रकाशित करायी गयी थी,

और चूँकि उपर्युक्त सूचना में विर्निदिष्ट समय के अन्दर जन सामान्य से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राधिकरण में प्रस्तुत नहीं किये गये, अतः प्रकरण में कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त न होने की स्थिति में समिति के गठन का कोई औचित्य नहीं पाया गया।

अतएव अब, उत्तर प्रदेश राष्ट्रपति अधिनियम (परिष्कारों सहित पुनः अधिनियमित)–1974 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या–30 सन् 1974) द्वारा परिष्कारों सहित यथा पुनः अधिनियमित उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 (राष्ट्रपति अधिनियम संख्या–11 सन् 1973) की धारा–13 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री राज्यपाल, बरेली विकास क्षेत्रान्तर्गत, बरेली महायोजना–2021 में अनुसूची में उल्लिखित गाटा संख्या में सम्मुख अंकित भू–प्रयोग हेतु निम्नानुसार संशोधन करते हैं:–

अनुसूची

(क) क्षेत्रीय विज्ञान प्रयोगशाला हेतु

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	गाटा संख्या	क्षेत्रफल (हे0 में)	बरेली महायोजना–2021 में निर्दिष्ट भू–उपयोग	महायोजना में भू–उपयोग परिवर्तन	भू–उपयोग परिर्वतन हेतु क्षेत्रफल (हे0 में)
1.	ट्यूलिया	212	0.6370	हरित पट्टिका	कार्यालय	0.6370
2.	"	220	0.1540	हरित पट्टिका	कार्यालय	0.1540
		कुल क्षेत्रफल	**0.7910**	–	–	**0.7910 हे0**

—2—

(ख) क्राइम ब्रान्च कार्यालय हेतु

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	गाटा सं0	क्षेत्रफल (हे0 में)	बरेली महायोजना–2021 में निर्दिष्ट भू–उपयोग	महायोजना में भू–उपयोग परिवर्तन	भू–उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल (हे0 में)
1.	ट्यूलिया	217	0.02	महायोजना मार्ग	यथावत	–
2.	”	217	0.08	हरित पट्टिका	कार्यालय	0.08
	कुल क्षेत्रफल					**0.08 हे0**

उपरोक्त तालिका में उल्लिखित हरित पट्टिका भूमि के बदले निम्नलिखित भूमि को 'हरित पट्टिका' भू–उपयोग में परिवर्तन किया जाता है, जो निम्नवत हैः–

क्रमांक	राजस्व ग्राम	आराजी संख्या व कुल रकबा (वर्ग मी0 में)	क्षेत्रफल (वर्ग मी0 में)	बरेली महायोजना–2021 के अनुसार भू–उपयोग	महायोजना में भू–उपयोग परिवर्तन
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1	बिथरी चैनपुर	287/3770	9000	कृषि (ग्राम समाज)	हरित पट्टिका
2	नवदिया हरिकिशन	41/ 3930		कृषि (परती भूमि)	हरित पट्टिका
		44/ 2040		कृषि (परती भूमि)	हरित पट्टिका
	कुल 03 किता	**9740 वर्ग मी0**	**9000 वर्ग मी0 (0.9 हे0)**		

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव

संख्या– (1)/आठ–8–2020–11एल.यू.सी./19 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज को उक्त अधिसूचना दिनांक 12/02/2020 की मूलप्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को साधारण गजट में प्रकाशित कराते हुए 10 मुद्रित प्रतियां शासन को तथा नीचे अंकित अधिकारियों को 05–05 प्रतियां उन्हें सीधे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार मौर्य)
अनु सचिव

संख्या– 395 (2)/आठ–8–2020–11एल.यू.सी./19 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2– आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली।
3– जिलाधिकारी, बरेली।
4– उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।
5– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6– निदेशक, फोरेंसिक साईन्स, लेब्रोरेट्री, महानगर, लखनऊ।
7– निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
12.02.2020

(मनोज कुमार मौर्य)
अनु सचिव

क्रम-संख्या—108

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी० / एल०—
डब्लू० / एन०पी०—91 / 2014—16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्शेसनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, सोमवार, 13 जुलाई, 2020

आषाढ़ 22, 1942 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग—3

संख्या 626/आठ-3–2020-100 विविध-2011 टी0सी0

लखनऊ, 13 जुलाई, 2020

अधिसूचना

प०आ०—153

चूँकि राज्य सरकार लखनऊ महायोजना—2031 में निम्नवत् अनुसूची के स्तम्भ—3 के अनुसार संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में दैनिक समाचार-पत्र "हिन्दुस्तान" एवं "हिन्दुस्तान टाइम्स" के दिनांक 31 अगस्त, 2019 के संस्करण में सूचना प्रकाशित करायी गयी थी और चूँकि उपर्युक्त सूचना में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर जनसामान्य से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राधिकरण को प्राप्त नहीं हुआ। अतः प्रकरण में आपत्ति एवं सुझाव के अभाव में समिति के गठन का औचित्य नहीं पाया गया।

अतएव, अब, उत्तर प्रदेश राष्ट्रपति (परिष्कारों सहित पुनः अधिनियमित) अधिनियम, 1974 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 30 सन् 1974) द्वारा परिष्कारों सहित यथा पुनः अधिनियमित उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 (राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 11 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लखनऊ महायोजना—2031 के अन्तर्गत गोमती नदी के तट तथा शहीद पथ के कार्नर पर पी0पी0पी0 मोड पर अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बहुउद्देशीय क्रीड़ा संकुल व क्रिकेट अकादमी को विकसित किये जाने हेतु मै0 इकाना स्पोर्ट्ज सिटी, प्रा0 लि0 के निम्नलिखित अनुसूची के स्तम्भ—2 में उल्लिखित भू—उपयोग तथा महायोजना को स्तम्भ—3 के अनुसार संशोधित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

अनुसूची

क्रम-संख्या	लखनऊ महायोजना—2031 के अनुसार वर्तमान भू-उपयोग	लखनऊ महायोजना—2031 में संशोधित प्राविधान	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)
1	2	3	4
1	45.0 मी0 चौड़ा महायोजना मार्ग	24.0 मी0 चौड़ा मार्ग	30016.56
1ए	45.0 मी0 सड़क का भाग	सुविधाएं	13682.83
1बी	45.0 मी0 सड़क का भाग	आवासीय	3228.84
1सी	45.0 मी0 सड़क का भाग	व्यवसायिक	13104.89
2	सुविधाएं	व्यवसायिक	30761.36
3	आवासीय	व्यवसायिक	113421.78

आज्ञा से,
दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव।

पी०एस०यू०पी०—ए०पी० 118 राजपत्र (हि०)—2020—(236)—599 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी०/आफसेट)।
पी०एस०यू०पी०—ए०पी० 2 सा० आवास एवं शहरी नियोजन—2020—(239)—150 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी०/आफसेट)।

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
संख्या : 873/आठ–3–20–06 महा0/2014
लखनऊ : दिनांक : 05 जुलाई, 2020
अगस्त

कार्यालय–ज्ञाप

विकास प्राधिकरणों, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों तथा विनियमित क्षेत्रों की शासन की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रारूप महायोजनाओं/क्षेत्रीय विकास योजनाओं का परीक्षण कर शासन को संस्तुति उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्या–54/आठ–3–18–06 महा/2014 दिनांक 08.01.2018 के द्वारा गठित शासकीय समिति को सम्यक् विचारोपरान्त एतद् द्वारा निम्नानुसार पुनर्गठित किया जाता है :–

1. अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0।	अध्यक्ष
2. विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3।	सह–अध्यक्ष
3. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ	सदस्य/संयोजक
4. मुख्य अभियंता, लखनऊ विकास प्राधिकरण।	सदस्य
5. प्रधानाचार्य, राजकीय आर्कीटेक्चर कालेज, लखनऊ।	सदस्य
6. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0।	सदस्य
7. सलाहकार (विकास एवं नियोजन), आवास बन्धु, उ0प्र0।	सदस्य
8. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा नामित 02 विषय विशेषज्ञ।	सदस्य

2– समिति का यह दायित्व होगा कि एक रोस्टर बनाकर प्रत्येक डेढ़ माह में इन 60 महायोजनाओं के निर्माण की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें एवं यह देखें कि महायोजना निर्माण करने वाली एजेन्सी सम्बन्धित विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा उनके अधीनस्थ अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए उनके निर्देशन में कार्य कर रहे हैं तथा विभिन्न विभागों से संकलित होने वाली सूचनाएं/डेटा उन्हें समय से प्राप्त हो रहे हैं एवं नियमानुसार/दिशा निर्देशों के अनुसार ससमय महायोजनाओं के निर्माण का कार्य हो रहा है।

3– समिति द्वारा अपनी समीक्षा आख्या शासन को नियमित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या : 873(1)/आठ–3–20–06 महा/2014–तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समिति के अध्यक्ष/सह–अध्यक्ष/सदस्यगण।
2. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के समस्त अधिकारीगण।
3. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
4. अध्यक्ष, समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
5. नियंत्रक प्राधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र, उ0प्र0।
6. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0।
7. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि कार्यालय–ज्ञाप को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करते हुए समस्त संबंधित को अपने स्तर से तामील कराने का कष्ट करें।
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(संजय कुमार सिंह)
उप सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-8
संख्या- 1/2020/1259/आठ-8-2020-04विविध/2020
लखनऊ : दिनांक : 10 नवम्बर, 2020

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश नगर-योजना और विकास अधिनियम, 1973 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 11 सन 1973) की धारा 38-क की उपधारा (1) के साथ पठित धारा-55 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश नगर-योजना और विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद् ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 को संशोधित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:-

उत्तर प्रदेश नगर-योजना और विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद् ग्रहण एवं संग्रहण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2020

संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारम्भ	1.(1) यह नियमावली, उत्तर प्रदेश नगर-योजना और विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद् ग्रहण एवं संग्रहण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2020 कही जायेगी। (2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी। (3) यह नियमावली समस्त विकास प्राधिकरणों, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद तथा विनियमित क्षेत्रों से संबंधित उपबंधों के अधीन अंगीकृत की जायेगी।
अनुसूची 'क' का संशोधन	2. उत्तर प्रदेश नगर-योजना और विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद् ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 में, नीचे स्तम्भ-1 में दी गयी अनुसूची 'क' के स्थान पर स्तम्भ-2 में दी गयी अनुसूची रख दी जायेगी, अर्थात् :-

स्तम्भ-1 — विद्यमान अनुसूची

क्र. सं.	विद्यमान भू-उपयोग	भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, सर्किल रेट/सेक्टर रेट के प्रतिशत के रूप में — प्रस्तावित भू-उपयोग: सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक सुविधाएं, सेवाएं तथा उपयोगिताएं जिसके अन्तर्गत यातायात एवं परिवहन भी है।	औद्योगिक	आवासीय	कार्यालय	मिश्रित	व्यावसायिक
	1	2	3	4	5	6	7
1.	कृषि, पार्क, खुले स्थान एवं ग्रीन बेल्ट	20%	35%	50%	100%	125%	150%
2.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध- सार्वजनिक सुविधाएं, सेवाएं तथा उपयोगिताएं जिसके अन्तर्गत यातायात एवं परिवहन	कुछ नहीं	20%	40%	75%	100%	125%
3.	औद्योगिक	कुछ नहीं	कुछ नहीं	25%	75%	90%	110%
4.	आवासीय	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	50%	75%	100%
5.	कार्यालय	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	30%	50%
6.	मिश्रित	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	25%
7.	व्यावसायिक	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं

स्तम्भ-2 — एतद्द्वारा प्रतिस्थापित अनुसूची

क्र. सं.	विद्यमान भू-उपयोग	भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, सर्किल रेट/सेक्टर रेट के प्रतिशत के रूप में — प्रस्तावित भू-उपयोग: सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक सुविधाएं, सेवाएं तथा उपयोगिताएं जिसके अन्तर्गत यातायात एवं परिवहन भी है।	औद्योगिक	आवासीय	कार्यालय	मिश्रित	व्यावसायिक
	1	2	3	4	5	6	7
1.	कृषि, पार्क, खुले स्थान एवं ग्रीन बेल्ट	20%	20%	50%	100%	125%	150%
2.	सार्वजनिक एवं अर्द्ध- सार्वजनिक सुविधाएं, सेवाएं तथा उपयोगिताएं जिसके अन्तर्गत यातायात एवं परिवहन भी है।	कुछ नहीं	20%	40%	75%	100%	125%
3.	औद्योगिक	कुछ नहीं	कुछ नहीं	25%	75%	90%	110%
4.	आवासीय	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	50%	75%	100%
5.	कार्यालय	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	30%	50%
6.	मिश्रित	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	25%
7.	व्यावसायिक	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं

भवदीय,
दीपक कुमार
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 1/2020/1259(1)/आठ-8-2020-04विविध/2020/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, ऐशबाग, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे उत्तर प्रदेश के असाधारण गजट में दिनांक :10 नवम्बर, 2020 के विधायी परिशिष्ट भाग 4-खण्ड (ख) में प्रकाशित करायें तथा गजट की मुद्रित 01-01 प्रतियां संबंधित अधिकारियों एवं शासन को 10 प्रतियां उपलब्ध करायी जाय।

आज्ञा से,
मनोज कुमार मौर्य
अनु सचिव

संख्या- 1/2020/1259(2)/आठ-8-2020-04विविध/2020/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
(2) समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
(4) महा निरीक्षक, निबन्धन, उत्तर प्रदेश।
(5) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
(6) आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
(7) समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(8) उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(9) अध्यक्ष, समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(10) नियत प्राधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
(11) निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा प्रचार-प्रसार हेतु।
(12) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(13) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार मौर्य
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

UTTAR PRADESH SHASAN

Awas Evam Shahri Niyojan Anubhag-8

In pursuance of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification

No. 1/2020/1259(3)/ 8-8-2020-04Vividh/2020

Lucknow : Dated : 10 November, 2020

NOTIFICATION

In exercise of the powers under section 55 read with sub-section (1) of section 38-A of the Uttar Pradesh Urban Planning and Development Act 1973 (U.P. Act No. 11 of 1973) read with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no. 1 of 1904), the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Urban Planning and Development (Assessment, Levy and Collection of Land Use Conversion Charge) Rules, 2014 :-

THE UTTAR PRADESH URBAN PLANNING AND DEVELOPMENT (ASSESSMENT, LEVY AND COLLECTION OF LAND USE CONVERSION CHARGE) (SECOND AMENDMENT) RULES, 2020

Short title, extent and commencement	**1.** (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Urban Planning and Development (Assessment, Levy and Collection of Land Use Conversion Charge) **(Second Amendment)** Rules, 2020. (2) They shall come into force with effect from the date of their publication in the Gazette. (3) These rules shall be adopted under the respective provisions of all Development Authorities, Special Area Development Authorities, Uttar Pradesh Housing and Development Board and Regulated Areas.
Amendment of Schedule 'A'	In the Uttar Pradesh Urban Planning and Development (Assessment, Levy and Collection of Land Use Conversion Charge) Rules, 2014 for Schedule 'A' set out in Column-1 below, the Schedule as set out in Column-2 shall be substituted, namely :-

Column-1

Existing Schedule

Sl No	Existing Land Use	Land use conversion charge as percentage of Circle Rate/Sector Rate — Proposed land use: Public and Semi-Public Facilities, Services and Utilities including Traffic and Transportation	Industrial	Residential	Offices	Mixed	Commercial
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	Agriculture, Parks, Open Spaces & Green Belt	20%	35%	50%	100%	125%	150%
2.	Public & Semi-Public Facilities, Services and Utilities including Traffic and Transportation	NA	20%	40%	75%	100%	125%
3.	Industrial	Nil	NA	25%	75%	90%	110%
4.	Residential	Nil	Nil	NA	50%	75%	100%
5.	Offices	Nil	Nil	Nil	NA	30%	50%
6.	Mixed	Nil	Nil	Nil	Nil	NA	25%
7.	Commercial	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	NA

Column-2

Schedule as hereby substituted

Sl. No	Existing Land Use	Land use conversion charge as percentage of Circle Rate/Sector Rate — Proposed land use: Public and Semi-Public Facilities, Services and Utilities including Traffic and Transportation	Industrial	Residential	Offices	Mixed	Commercial
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	Agriculture, Parks, Open Spaces & Green Belt	20%	**20%**	50%	100%	125%	150%
2.	Public & Semi-Public Facilities, Services and Utilities including Traffic and Transportation	NA	20%	40%	75%	100%	125%
3.	Industrial	Nil	NA	25%	75%	90%	110%
4.	Residential	Nil	Nil	NA	50%	75%	100%
5.	Offices	Nil	Nil	Nil	NA	30%	50%
6.	Mixed	Nil	Nil	Nil	Nil	NA	25%
7.	Commercial	Nil	Nil	Nil	Nil	Nil	NA

By order,

Deepak Kumar

Pramukh Sachiv

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3
संख्याः 15/2020/आई/40771/2020, 8-3099/2285/2020
लखनऊः दिनांकः 21 दिसम्बर, 2020

<u>अधिसूचना</u>

चूँकि लोक प्रयोजन अर्थात सुनियोजित विकास योजना के अधीन वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी के लोगों के लिए ग्राम-पहाड़िया, परगना-शिवपुर, जिला-वाराणसी में एक आवासीय कालोनी की स्थापना के लिए ग्राम- पहाड़िया, परगना-शिवपुर, जिला-वाराणसी की भूमि की आवश्यकता थी, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि अर्जन अधिनियम-1894 (अधिनियम संख्या-01 सन्-1894) की धारा-6 की अधिसूचना दिनांक 30.09.1983 को जारी की गयी थी।

चूँकि प्रकरण में जिलाधिकारी, वाराणसी एवं वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध आख्या, पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों तथा प्रकरण में न्याय विभाग और राजस्व विभाग के परामर्श तथा विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, वाराणसी द्वारा प्रश्नगत आराजी संख्या-104/2, रकबा 02.10 एकड़ भूमि ग्राम-पहाड़िया, परगना-शिवपुर, जिला-वाराणसी के संबंध में अर्जन की कार्यवाही को कालबाधित किये जाने के दृष्टिगत प्रकरण के परिशीलनोपरान्त राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि प्रश्नगत भूमि पर अर्जन निकाय को कब्जा प्राप्त नहीं हुआ है और अभिनिर्णय की कार्यवाही भी नहीं हो पाई है।

सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" की धारा-11(क) के अन्तर्गत उक्त वर्णित भूमि के संबंध में अर्जन की समस्त कार्यवाही को व्यपगत किया जाय।

अतएव, अब उपर्युक्त अधिनियम, 1894 की धारा-11(क) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री राज्यपाल ग्राम-पहाड़िया, परगना-शिवपुर, जिला-वाराणसी की आराजी संख्या-104/2 के रकबा 02.10 एकड़ भूमि की अर्जन से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही को व्यपगत घोषित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

<u>संख्याः 15/2020/आई/40771(1)/2020-तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपिः- संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे दिनांक 21.12.2020 के असाधारण गजट विधायी परिशिष्ट भाग-4 खण्ड 'ख' में प्रकाशित करायें तथा 10 मुद्रित प्रतियां इस अनुभाग को तथा नीचे अंकित अधिकारियों को 05-05 प्रतियां उन्हें सीधे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
अजय कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या: 15/2020/ आई/40771(1)/2020-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, भूमि अध्याप्ति निदेशालय राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
3. जिलाधिकारी, वाराणसी।
4. उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी।
5. अपर जिलाधिकारी, (भू0अ0), वाराणसी।
6. श्री संदीप कुमार मौर्य, स-6/95, अकथा, सारनाथ, वाराणसी, उ0प्र0।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अजय कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8
संख्या–1377/आठ–8–2020–17एलयूसी/2019
लखनऊ : दिनांक : 24 दिसम्बर, 2020

अधिसूचना

चूंकि राज्य सरकार कानपुर विकास क्षेत्र के अन्तर्गत कानपुर महायोजना–2021 में संशोधन करने के संबंध में आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त करने की सूचना स्थानीय समाचार पत्र "अमर उजाला" तथा "हिन्दुस्तान" के संस्करण में दिनांक 12.12.2018 को प्रकाशित करायी गयी थी,

और चूँकि उपर्युक्त सूचना में विर्निदिष्ट समय के अन्दर जन सामान्य से कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राधिकरण में प्रस्तुत नहीं किये गये, अतः प्रकरण में कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त न होने की स्थिति में समिति के गठन का कोई औचित्य नहीं पाया गया।

अतएव अब, उत्तर प्रदेश राष्ट्रपति अधिनियम (परिष्कारों सहित पुनः अधिनियमित)–1974 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या–30 सन् 1974) द्वारा परिष्कारों सहित यथा पुनः अधिनियमित उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 (राष्ट्रपति अधिनियम संख्या–11 सन् 1973) की धारा–13 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री राज्यपाल, कानपुर विकास क्षेत्रान्तर्गत, कानपुर महायोजना–2021 में अधोलिखित अनुसूची में उल्लिखित गाटा संख्या को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रयोजनार्थ उनके सम्मुख अंकित भू–प्रयोग हेतु निम्नानुसार संशोधन इस शर्त के अधीन किया जाता है कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु निर्गत गाईडलाइन्स के अनुसार योजना स्थल हेतु विद्यमान लेपित/कन्क्रीट पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई एवं संगत शासनादेशों के आलोक में समस्त अवस्थापना सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त भू–उपयोग परिवर्तन केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए किया जा रहा है, अन्यथा की स्थिति में अधिसूचना निरस्त समझी जायेगी :–

अनुसूची

क्र. सं.	भूमि की स्थलीय स्थिति का विवरण	खसरा संख्या	क्षेत्रफल (वर्गमी0)	कानपुर महायोजना–2021 के अनुसार भू–उपयोग	प्रस्तावित भू– उपयोग
1	खसरा सं0–526/2 की भूमि, 18 मी0 चौड़े तथा खसरा सं0–556/2 की भूमि 12 मी0 चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्थित (स्थलीय स्थिति सजरा प्लान, सेटलाइट इमेज, कानपुर महायोजना–2021 के मानचित्र पर दर्शित) राजस्व ग्राम सचेन्डी, चकरपुर, कानपुर नगर	526/2	15730.00	कृषि	आवासीय
		556/2	6039.00	कृषि	आवासीय

2. प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निजी क्षेत्र की सहभागिता से किफायती आवास (अफोर्डेबल हाउसिंग–इन–पार्टनरशिप) योजना हेतु उपरोक्त भू–उपयोग के अनुसार आवासों का निर्माण पूर्ण कराये जाने हेतु प्राधिकरण द्वारा समयबद्ध यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय तथा कृत कार्यवाही की पूर्ण सूचना/आख्या 02 माह में शासन को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव

<u>संख्या–1377 (1)/आठ–8–2020–17एलयूसी/19 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, प्रयागराज को उक्त अधिसूचना दिनांक 24/12/2020 की मूल प्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को साधारण गजट में प्रकाशित कराते हुए 10 मुद्रित प्रतियां शासन को तथा नीचे अंकित अधिकारियों को 05–05 प्रतियां उन्हें सीधे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार मौर्य)
अनु सचिव

<u>संख्या–1377 (2)/आठ–8–2020–17एल.यू.सी./19 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अध्यक्ष/आयुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर।
2– जिलाधिकारी, कानपुर।
3– उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर।
4– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5– निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
24.12.2020

(मनोज कुमार मौर्य)
अनु सचिव

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. **जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

4. **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,**
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनॉक : 25जनवरी, 2020**

विषय:प्रकाश की व्यवस्था और संवातन संबंधी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्राविधानों में स्पष्टता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में प्रभावी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रस्तर-3.7 में "प्रकाश की व्यवस्था और संवातन" के संबंध में प्राविधान दिए गए हैं, परन्तु पूर्णतया वातानुकूलित भवनों के संबंध में विशिष्ट प्राविधान उल्लिखित नहीं है। वर्तमान समय में पूर्णतया वातानुकूलित आवासीय/व्यावसायिक भवनों के निर्माण की प्रवृत्ति का विस्तार देखा जा रहा है। रियल स्टेट क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा इस संबंध में स्पष्टता हेतु शासन स्तर से अनुरोध भी किया गया है। ऐसी स्थिति में उक्त श्रेणी के भवनों के लिए संवातन सम्बन्धी प्राविधानों में के संबंध में स्पष्टीकरण आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि नेशनल बिल्डिंग कोड के पार्ट–3 Development Control Rules and General Building Requirements के प्रस्तर–8.2.5(b) के टिप्पणी कमांक–2 के उपबन्धों (For fully air conditioned residential/ business buildings the ventilation shaft need not be insisted upon provided the air conditioning system works in an uninterrupted manner, also, provided there is an alternative source of power supply.) के अनुसार आवासीय एवं व्यावसायिक भवन जो पूर्णतः वातानुकूलित हों के लिए संवातन साफ्ट का प्राविधान किया जाना अनिवार्य नहीं है, परन्तु इस संबंध में नेशनल बिल्डिंग कोड के उक्त प्राविधानों के अनुसार वातानुकूलन प्रणाली निर्बाध रूप से कार्यशील होने एवं विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराना अनिवार्य होगा।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 के प्रस्तर–1.3(ii) की व्यवस्था के अनुसार पूर्णतः वातानुकूलित आवासीय/व्यवसायिक भवनों के अन्तर्गत केन्द्रीयत वातानुकूलन प्रणाली अबाधित रूप से संचालित होने तथा उसके निर्बाध रूप से संचालन हेतु वैकल्पिक पावर सप्लाई सुनिश्चित होने की दशा में नेशनल बिल्डिंग कोड के प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(अपूर्वा दुबे)
विशेष सचिव।

<u>संख्या–I/19257(1)/2019–तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश की प्रति समस्त संबंधित को तामीला कराते हुए विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

2 गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(अपूर्वा दुबे)
विशेष सचिव।

Digitally signed by अपूर्वा दूबे
Date:Wed Jan 29 10:30:04 IST 2020
Reason: Approved

ई–मेल/महत्वपूर्ण
संख्या–1335/आठ–3–2020

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

4. अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र
विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ : दिनॉक : 17 नवम्बर, 2020

विषयः– वक्फ सम्पत्तियों पर व्यवसायिक केन्द्र आदि बनाने हेतु उन्हें विकास प्राधिकरण की अनुमति से मुक्त किये जाने संबंधी प्राविधान को समाप्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग–2 के पत्र संख्या–1002/बावन–2–2020 दिनांक 23.10.2020 का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि सम्यक विचारोपरान्त मुस्लिम वक्फ अनुभाग के शासनादेश संख्या–379/वक्फ–293/94 दिनांक 04.02.1994 एवं शासनादेश संख्या–579/वक्फ–94–338/94 दिनांक 14.03.1994 को तात्कालिक प्रभाव से निरस्त किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि विकास क्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के निर्माण/विकास हेतु उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–14 के अन्तर्गत अनुज्ञा प्राप्त किये जाने की अनिवार्यता है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए उक्त अधिनियम और प्रभावी भवन निर्माण उपविधि के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या– /आठ–3–2020–तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(2) निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश की प्रति समस्त संबंधितों को तामील कराते हुए विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
(3) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय कुमार सिंह)
उप सचिव।

ई-मेल

संख्या- 13/2020/1382/आठ-3-20-34 विविध/2008

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0 लखनऊ।

3. **जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,**
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उ0प्र0 लखनऊ।

4. **अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र,
विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 **लखनऊ: दिनांक: 25 नवम्बर, 2020**

विषयः सेल्यूलर/मोबाईल/बेसिक टेलीफोन सर्विस के प्रयोगार्थ टावर निर्माण हेतु प्राप्त हो रहे आवेदनों के निस्तारण के संबंध में।

महोदय,

शासन के संज्ञान में आया है कि कतिपय अभिकरणों में सेल्यूलर/मोबाईल/बेसिक टेलीफोन सर्विस के प्रयोगार्थ टावर की स्थापना हेतु प्राप्त हो रहे आवेदन पत्रों पर आर.डब्ल्यू.ए. का अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। जबकि इस संबंध में शासनादेश संख्या-462/ 8-3-16-34 विविध/08 दिनांक 17.06.2016 के माध्यम से निर्गत भवन निर्माण एवं विकास उपविधि, 2008 (यथासंशोधित) अन्तर्गत ग्रुप हाउसिंग एवं बहुमंजिले भवनों हेतु आर.डब्ल्यू.ए. की अनापत्ति/सहमति प्राप्त किये जाने के प्राविधान बिन्दु संख्या-12.1(i) को विलोपित किया जा चुका है। इससे स्पष्ट है कि वर्तमान में विभिन्न अभिकरणों/प्राधिकरणों में टावर की स्थापना हेतु प्राप्त हो रहे आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु आर.डब्ल्यू.ए. की अनापत्ति/सहमति की अनिवार्यता/बाध्यता नहीं है।

2- अतएव मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में उक्त शासनादेश दिनांक 17.06.2016 में निहित प्राविधानों के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या: 13/2020/1382(1)/आठ-3-20-34 विविध/2008-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि संबंधित को आदेश की प्रति तामील कराते हुए विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
संजय कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अनाधिकृत निर्माण
का शमन

ई–मेल

संख्या–MS-09/आठ–3–20–234 विविध/2017 टी०सी०

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. **जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

4. **जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,**
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ : दिनाँक : 15 जुलाई, 2020

विषय :– **अनधिकृत/अतिरिक्त निर्माण के नियमितीकरण हेतु शमन योजना–2020 लागू किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त संबंध में शासन के संज्ञान में यह तथ्य लाए गये हैं कि विकास प्राधिकरण क्षेत्रों के अन्तर्गत विकास एवं निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम–1973 तथा महायोजना एवं भवन उपविधियों में निहित प्राविधानों के उल्लघंन स्वरूप अनधिकृत निर्माण में वृद्धि हुयी है। ऐसे निर्माण का नियमितीकरण विकास प्राधिकरणों में प्रभावी शमन उपविधि–2010 के अन्तर्गत संभव नहीं है। ऐसे मामलों के अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण में निहित मुकदमेबाजी के फलस्वरूप प्राधिकरणों के बहुमूल्य समय/धन एवं शक्ति का ह्रास होता है तथा जनता को भी मानसिक यंत्रणा का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कई स्तरों से शमन योजना लाए जाने हेतु मांग भी की गयी।

2– उक्त वर्णित स्थिति के दृष्टिगत शमन उपविधि–2010 में सरलीकरण कर शमन योजना–2020 लाए जाने हेतु उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों तथा मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ०प्र० लखनऊ से अभिमत प्राप्त कर तथा शमन योजना के संबंध में विकास प्राधिकरणों, स्टेकहोल्डर्स, आम जन तथा अन्य हितबद्ध व्यक्तियों से दिनांक 12.02.2020 से 24.02.2020 की अवधि में प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर विचार कर निदेशक, आवास बन्धु द्वारा सुविचारित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया गया।

3– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न शमन योजना–2020 लागू करते हुए श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश निम्नवत् निर्देश जारी किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1. शमन योजना 2020 इस पत्र के जारी होने के दिनांक 15.07.2020 से एक सप्ताह के भीतर शमन योजना को सम्बन्धित अभिकरणों द्वारा अपने–अपने अधिनियमों के अधीन विहित प्रक्रियानुसार परिचालन के माध्यम से अंगीकृत करने के उपरान्त उक्त अभिकरणों में एक साथ दिनांक 21.7.2020 से लागू की जायेगी।

2. शमन योजना 2020 प्रभावी होने की तिथि दिनांक 21.07.2020 से केवल 06 माह की अवधि के लिए दिनांक 20.01.2021 तक ही लागू होगी तथा शमन हेतु आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप पर आवास आयुक्त, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, संबंधित विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा नियंत्रक प्राधिकारी को शमन योजना प्रभावी होने की अवधि दिनांक 21.07.2020 से दिनांक 20.01.2021 के भीतर आवेदन ऑनलाइन/ऑफलाइन किया जायेगा।

3. उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा संबंधित विकास प्राधिकरण प्रत्येक सप्ताह अन्त में प्राप्त एवं निस्तारित आवेदन पत्रों तथा प्राप्त शमन शुल्क की सम्यक सूचना निदेशक, आवास बन्धु को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

4. शमन योजना 2020 के लागू रहने की अवधि में विकास प्राधिकरण अपराधों का शमन उपविधि 2010 के प्राविधान स्थगित रहेगें।

5. उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा संबंधित विकास प्राधिकरण द्वारा शमन योजना 2020 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले समस्त आवेदन पत्रों का निस्तारण योजना की 06 माह की अवधि समाप्त होने की दिनांक से 03 माह के भीतर (दिनांक 21.04.2021 तक) किया जाना अनिवार्य है।

6. सम्बन्धित अभिकरणों द्वारा इस योजना की जानकारी जनता को देने हेतु इसका व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाए और योजना के अन्तर्गत निर्धारित पात्रता के अनुसार शमन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण अभियान चलाकर और कैम्प आयोजित कर सुनिश्चित किया जाए।

7. उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा संबंधित विकास प्राधिकरण के स्तर पर विचाराधीन शमन संबंधी प्रकरण, जिन्हें अन्तिम रूप से स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है, ऐसे मामलों में शमन योजना 2020 के अन्तर्गत नये सिरे से आवेदन किया जा सकेगा।

8. शमन शुल्क की धनराशि लाभार्थी द्वारा एकमुश्त अथवा 03 मासिक किस्तों में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की दिनांक 01.4.2020 की 02 वर्षों हेतु निर्धारित एम.सी.एल.आर. दर में 01 प्रतिशत बढ़ोत्तरी (7.95+1=8.95 अर्थात 9 प्रतिशत) के साथ साधारण ब्याज सहित देय होगी।

संलग्नक : शमन योजना–2020 की प्रति।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या– MS-09(1)/आठ–3–20–234 विविध/2017 टी0सी0–तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0।
(2) मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
(3) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
(4) अध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
(5) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(6) निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से कि पत्र का तामीला समस्त संबंधित को कराते हुए शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें।
(7) अध्यक्ष, आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन, उ0प्र0।
(8) प्रेसीडेन्ट, क्रेडाई, उ0प्र0।
(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनीष चन्द्र श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

शमन योजना, 2020

1. शमन योजना, 2020 की आवश्यकता एवं उद्देश्य

1.1 नगरीय क्षेत्रों में हो चुके अवैध निर्माणों में वृहद् निजी पूंजी निवेश हो चुका है, ऐसे निर्माणों का न तो ध्वस्तीकरण व्यवहारिक है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से वांछनीय हैं।

1.2 अधिकांश अवैध निर्माण विकास प्राधिकरणों की सामान्य शमन उपविधि के अन्तर्गत शमनीय नहीं है, अतः ऐसे निर्माण के शमन हेतु एक विशेष शमन योजना संचालित किए जाने की आवश्यकता है।

1.3 शमन योजना, 2020 के अन्तर्गत जनता को अवैध निर्माण के शमन हेतु एक सीमित समय अवधि का अवसर प्रदान करते हुए मानसिक परेशानी से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

1.4 इस योजना को लागू किए जाने के फलस्वरूप विकास प्राधिकरणों तथा अवैध निर्माणकर्ताओं के मध्य चल रहे विवादों एवं मुकदमेबाजी का समाधान हो सकेगा।

1.5 शमन शुल्क से प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण/सम्वर्द्धन में करते हुए सम्बन्धित शहरों के रिहायशी पर्यावरण को बेहतर बनाया जाएगा।

1.6 राष्ट्रीय एवं राज्य शहरी आवास नीतियों के अनुपालन में जनता के निजी प्रयासों से निर्मित हाउसिंग स्टॉक के सुधार एवं संरक्षण सम्बन्धी उद्देश्य की पूर्ति सुनिश्चित होगी।

1.7 शमन योजना को लागू करने के फ़लस्वरूप सुरक्षा मानकों के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

2. शमन के लिए अपात्रता

निम्न प्रकृति के अवैध विकास/निर्माण इस योजनान्तर्गत शमन हेतु पात्र नहीं होंगेः–

2.1 केन्द्र राज्य सरकार, विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, स्थानीय निकाय तथा अन्य शासकीय एवं शासन के अधीन संस्थाओं/उपक्रमों की भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर किया गया निर्माण।

2.2 सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक सुविधाओं, सेवाओं एवं उपयोगिताओं यथा–सड़कें, रेलवे लाइन, पार्क एवं खुले स्थल, हरित पट्टी, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (एस.टी.पी.), इलेक्ट्रिक सब–स्टेशन, वाटर वर्क्स, बस–टर्मिनल तथा समरूप अन्य सुविधाओं से सम्बन्धित भूमि अथवा महायोजना/ज़ोनल प्लान में उक्त प्रकृति की सुविधाओं हेतु प्रस्तावित भूमि पर किया गया निर्माण।

2.3 किसी न्यायालय में विवादित भूमि, बन्धक भूमि या कुर्क सम्पत्ति पर किया गया निर्माण।

2.4 महायोजना अथवा ज़ोनल प्लान अथवा ले–आउट प्लान में चिन्हित तथा राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाब/जलाशय, नदी एवं नालों से आच्छादित भूमि पर किया गया निर्माण।

2.5 महायोजना अथवा ज़ोनल डेवलपमेन्ट प्लान अथवा ले–आउट प्लान अथवा लीज़ में अंकित भू–उपयोग के विपरीत किया गया निर्माण।

2.6 अनधिकृत क़ालोनियों अथवा उनके अन्तर्गत स्थित भूखण्डों/भवनों में किया गया निर्माण।

2.7 भूमि का सब–डिवीजन एवं ग्रुप हाउसिंग भवन, जो रियल इस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवल्पमेन्ट) एक्ट, 2016 के प्राविधानों से आच्छादित है, के अन्तर्गत किया गया निर्माण।

2.8 बहुमंजिले भवनों में सह–स्वामित्व की भूमि एवं सर्व–सामान्य सेवाओं (कॉमन सर्विसेज) हेतु आरक्षित क्षेत्र के अन्तर्गत किया गया निर्माण।

2.9 भूतल सहित तीन मंजिल से अधिक अथवा 12 मीटर से अधिक ऊँचे भवनों तथा 500 व.मी. से अधिक भू–आच्छादनयुक्त अवस्थापना सुविधाओं के भवनों में भूकम्परोधी व्यवस्था के बिना किया गया निर्माण।

2.10 चार मंजिल से अधिक अथवा 15 मीटर एवं अधिक ऊँचाई के भवनों और विशिष्ट भवन यथा–शैक्षिक, असेम्बली, संस्थागत, औद्योगिक, संग्रहण एवं संकटमय उपयोग वाले भवनों तथा उपर्युक्त उपयोगों के मिश्रित अधिवासों वाले भवनों जिनका भू–आच्छादन 500 वर्ग मीटर से अधिक हो, में अग्निशमन व्यवस्था एवं न्यूनतम निर्धारित सेट–बैक के बिना किया गया निर्माण।

2.11 हेरिटेज ज़ोन, संरक्षित स्मारकों, नागरिक उड्डयन क्षेत्र अथवा प्रतिबन्धित ऊँचाई के क्षेत्र में भवन की ऊंचाई के उल्लंघनस्वरूप किया गया निर्माण।

3. शमन हेतु 'कट–ऑफ–डेट'

उपरोक्त प्रस्तर–3 में उल्लिखित प्रकृति के अवैध निर्माणों को छोड़कर शमन योजना, 2020 के जारी होने की तिथि तक हुए अन्य निर्माण शमनीय होंगे।

4. अवैध निर्माण के शमन की अधिकतम सीमा

4.1 सेट–बैक/भू–आच्छादन

(क) "निर्मित क्षेत्र" एवं उसके बाहर भूखण्डीय विकास के अन्तर्गत 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के भूखण्डों पर निर्मित सभी उपयोगों के भवनों में भूखण्ड के कुल क्षेत्रफल का 20 प्रतिशत अतिरिक्त भू–आच्छादन इस प्रतिबन्ध के साथ शमनीय होगा कि साईड एवं पीछे के सेट–बैक में समस्त निर्माण शमनीय होगा, परन्तु फ्रन्ट सेटबैक के कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 50 प्रतिशत निर्माण शमनीय होगा। 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े भूखण्डों में फ्रन्ट सेट–बैक के कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 25 प्रतिशत, पीछे के सेट–बैक में अधिकतम 75 प्रतिशत तथा साईड सेट–बैक में अधिकतम 25 प्रतिशत अतिरिक्त निर्माण इस शर्त के साथ शमनीय होगा कि भूखण्ड के कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 20 प्रतिशत अतिरिक्त भू–आच्छादन शमनीय होगा।

स्पष्टीकरण: 300 वर्ग मीटर तक के कोने के भूखण्डों में फ्रन्ट सेट–बैक के अनुरूप साईड सेट–बैक के कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 50 प्रतिशत अतिरिक्त निर्माण शमनीय होगा।

(ख) ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक, कार्यालय, संस्थागत एवं अन्य बहुमंजिले निर्माण में भूखण्ड के कुल क्षेत्रफल का अधिकतम 15 प्रतिशत अतिरिक्त भू–आच्छादन भवन की निरन्तरता में शमनीय होगा। सेट–बैक क्षेत्र में 15 प्रतिशत अतिरिक्त भू–आच्छादन के शमन के फलस्वरूप सेट–बैक में होने वाली कमी इस शर्त के साथ अनुमन्य होगी कि फायर सेफ्टी के सम्बन्ध में अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी: भवन निर्माण एवं विकास उपविधि की व्यवस्थानुसार ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक, कार्यालय, संस्थागत एवं अन्य बहुमंजिले निर्माण के शमन हेतु सड़क की न्यूनतम चौड़ाई भवन

निर्माण एवं विकास उपविधि के प्राविधानों के अनुसार 12 मीटर होगी तथा मूल भूखण्ड हेतु निर्धारित निर्माण के मानकों यथा–सेटबैक, भू–आच्छादन, एफ.ए.आर., भवन की ऊंचाई, पार्किंग व्यवस्था, आदि के आधार पर शमन की कार्यवाही की जाएगी।

4.2 एफ.ए.आर.

(क) भूखण्डीय विकास में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होने पर एक अतिरिक्त तल का निर्माण इस प्रतिबन्ध के अधीन शमनीय होगा कि भवन की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक नहीं होगी। पीछे के सेट–बैक में शमनीय भू–आच्छादन के अन्तर्गत अधिकतम 15 मीटर ऊंचाई तक किया गया निर्माण शमनीय होगा।

(ख) "निर्मित क्षेत्र" में ग्रुप हाउसिंग व्यवसायिक, कार्यालय, संस्थागत एवं अन्य बहुमंजिले निर्माण हेतु भवन निर्माण एवं विकास उपविधि (समय–समय पर यथासंशोधित) के अनुसार अनुमन्य एफ.ए.आर. का अधिकतम 20 प्रतिशत क्रय–योग्य एफ.ए.आर. शमनीय होगा, परन्तु प्रथम 10 प्रतिशत अतिरिक्त एफ.ए.आर. हेतु क्रय–योग्य एफ.ए.आर. शुल्क देय नहीं होगा।

(ग) "निर्मित क्षेत्र" के बाहर ग्रुप हाउसिंग व्यवसायिक कार्यालय, संस्थागत एवं अन्य बहुमंजिले निर्माण हेतु भवन उपविधि (समय–समय पर यथासंशोधित) के अनुसार 18 मीटर से अधिक एवं 24 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर अनुमन्य एफ.ए.आर. का अधिकतम 33 प्रतिशत तथा 24 मीटर एवं अधिक चौड़ी सड़क पर अनुमन्य एफ.ए.आर. का अधिकतम 50 प्रतिशत अतिरिक्त एफ.ए.आर. क्रय–योग्य आधार पर शमनीय होगा, परन्तु प्रथम 10 प्रतिशत अतिरिक्त एफ.ए.आर. हेतु क्रय–योग्य एफ.ए.आर. शुल्क देय नहीं होगा।

4.3 बेसमेन्ट–भूखण्डीय विकास के अन्तर्गत बगल की सम्पत्तियों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी एवं भवन उपविधि की अन्य अपेक्षाएं सुनिश्चित होने पर सम्पूर्ण भूखण्ड पर बेसमेन्ट इस प्रतिबन्ध के अधीन शमनीय होगा कि बेसमेन्ट का निर्माण निजी स्वामित्व की भूमि के अन्तर्गत हो।

4.4 भवन की ऊंचाई–समस्त उपयोगों के भवनों हेतु ऊंचाई के सम्बन्ध में स्टेट्यूटरी प्रतिबन्धों को छोड़कर शमनीय एफ.ए.आर. एवं भू–आच्छादन की सीमान्तर्गत भवन की अतिरिक्त ऊंचाई शमनीय होगी अर्थात भवन की ऊंचाई के फलस्वरूप नियमानुसार वांछित सेटबैक में कमी इस शर्त के साथ अनुमन्य होगी कि फायर सेफ्टी के सम्बन्ध में अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4.5 आवासीय इकाईयां–एकल आवासीय भवनों एवं भूखण्डीय विकास के अन्तर्गत बहु–आवासीय इकाईयों के भवनों तथा ग्रुप हाउसिंग भवनों में शमनीय एफ.ए.आर. के अन्तर्गत निर्मित समस्त ईकाईयां इस प्रतिबन्ध के अधीन शमनीय होगी कि भवन में नियमानुसार पार्किंग, ई.डब्ल्यू.एस. एवं एल.आई.जी. हाउसिंग तथा सामुदायिक सुविधाओं, आदि की समानुपातिक व्यवस्था उपलब्ध हो। यदि ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी. भवनों का नियमानुसार निर्माण न किया गया हो, तो उक्त भवनों की कमी के सापेक्ष शेल्टर फीस लेकर ऐसा निर्माण शमन किया जा सकेगा।

4.6 कम्पाउण्ड वाल–समस्त उपयोगों के भवनों में अनुमन्य ऊंचाई से अधिकतम 20 प्रतिशत अतिरिक्त ऊंचाई शमनीय होगी।

4.7 पार्किंग–पार्किंग हेतु स्वीकृत क्षेत्र पुनर्स्थापित करने अथवा उसी भूखण्ड पर वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था करने पर ही ऐसा निर्माण शमनीय होगा।

4.8 जोनिंग रेगुलेशन्स के अधीन अनुमन्यता–विकास प्राधिकरण/सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत योजनाओं/ले–आउट प्लान्स के बाहर स्थित क्षेत्र में समस्त उपयोगों के भवनों में सम्बन्धित

नगर की महायोजना जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार 'सामान्यतः अनुमन्य' एवं 'सशर्त अनुमन्य' क्रियाओं के अनुरूप किया गया उपयोग/निर्माण निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए 'इम्पैक्ट फीस' के भुगतान पर इस शर्त के साथ शमनीय होगा कि भवन में नियमानुसार पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित हो।

4.9 **भूमि का अवैध उपविभाजन**—भूमि, जिसका क्षेत्रफल 3000 वर्ग मीटर से कम हो, के सब-डिवीजन प्लान की स्वीकृति/नियमितीकरण के उपरान्त ही ऐसा अवैध उप-विभाजन शमनीय होगा। 3000 वर्ग मीटर एवं अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड का अवैध उप-विभाजन शमनीय नहीं होगा।

4.10 **भूखण्ड आमेलन**—एक से अधिक आमेलित एकल आवासीय भूखण्डों पर किया गया निर्माण (ग्रुप हाउसिंग को छोड़कर) इस शर्त के अधीन शमनीय होगा कि आमेलित भूखण्ड एक व्यक्ति/परिवार/फर्म/कम्पनी के स्वामित्व में होने चाहिए तथा महायोजना तथा जोनल प्लान/ले-आउट प्लान में उनका भू-उपयोग भी एक होना चाहिए। आमेलित भूखण्ड के सेट-बैक, ले-आउट प्लान के अनुसार होंगे तथा एफ.ए.आर., भवन की ऊंचाई, आदि के मानक शमन योजना, 2020 में निर्धारित शमनीय सीमा के अन्तर्गत होंगे। विकास शुल्क की देयता विकास शुल्क नियमावली, 2014 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार होगी।

5. शमन शुल्क की दरें

शमन योजना, 2020 के अन्तर्गत वर्तमान में लागू शमन उपविधि, 2010 की तुलना में शमन शुल्क की दरों में छूट प्रस्तावित है। शमन योजना, 2020 के अनुसार विभिन्न प्रकृति के अवैध निर्माण के शमन हेतु शमन शुल्क की दरें निम्नवत् होंगी:-

क्र. सं.		अवैध निर्माण का प्रकार	शमन शुल्क की दरें (रू. प्रति वर्ग मीटर)
1.		**सेट-बैक/अनुमन्य से अतिरिक्त भू-आच्छादन**	
	1.1	**आवासीय**	
	(क)	ग्रुप हाउसिंग/बहुमंजिले भवन	भूमि मूल्य का 50 प्रतिशत
	(ख)	भूखण्डीय विकास	
		• फ्रन्ट सेट बैक में	
		• पार्श्व (साइड) सेट बैक में	
		• पीछे के सेट बैक में	
	1.2	**व्यवसायिक**	
	(क)	भूखण्डीय विकास	भूमि मूल्य का 100 प्रतिशत
		• फ्रन्ट सेट बैक में	
		• पार्श्व (साइड) सेट बैक में	
		• पीछे के सेट बैक में	
	(ख)	बहुमंजिले भवनों में	
	1.3	**कार्यालय**	
	(क)	बहुमंजिले भवनों में	भूमि मूल्य का 75 प्रतिशत
	(ख)	भूखण्डीय विकास	
		• फ्रन्ट सेट बैक में	

		• पार्श्व (साइड) सेट बैक में	
		• पीछे के सेट बैक में	
	1.4	सामुदायिक सुविधाएं	
	(क)	बहुमंजिले भवनों में	भूमि मूल्य का 25 प्रतिशत
	(ख)	भूखण्डीय विकास	
		• फ्रन्ट सेट बैक में	
		• पार्श्व (साइड) सेट बैक में	
		• पीछे के सेट बैक में	
2.	एफ.ए.आर.		
	2.1	आवासीय	रू. 200 प्रति वर्ग. मी.
	2.2	व्यवसायिक	रू. 400 प्रति वर्ग. मी.
	2.3	कार्यालय	रू. 300 प्रति वर्ग. मी.
	2.4	सामुदायिक सुविधाएं	रू. 100 प्रति वर्ग. मी.
3.	आवासीय इकाईयां		बहु–आवासीय इकाईयों तथा ग्रुप हाउसिंग भवनों में अनुमन्य एफ.ए.आर. के सापेक्ष निर्मित इकाईयों के अतिरिक्त अन्य समस्त इकाईयों हेतु रू. 20,000 प्रति इकाई।
4.	बेसमेन्ट		
	4.1	आवासीय	रू. 200 प्रति वर्ग. मी.
	4.2	व्यवसायिक	रू. 400 प्रति वर्ग. मी.
	4.3	कार्यालय/मिश्रित	रू. 300 प्रति वर्ग. मी.
	4.4	सामुदायिक सुविधाएं	रू. 100 प्रति वर्ग. मी.
5.	कम्पाउण्ड वाल (रू. प्रति रनिंग मीटर)		
	5.1	आवासीय	रू. 100, न्यूनतम रू. 10,000
	5.2	व्यवसायिक	रू. 200, न्यूनतम रू. 20,000
	5.3	कार्यालय	रू. 150, न्यूनतम रू. 15,000
	5.4	सामुदायिक सुविधाएं	रू. 50, न्यूनतम रू. 5,000
6.	अवैध भू–उपयोग		• भू–उपयोग परिवर्तन अनुमन्य नहीं • जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार अनुमन्य क्रियाओं हेतु वर्तमान दरों पर इम्पैक्ट फीस देय होगी
7.	भूमि का अवैध उप–विभाजन		(क) 3000 व.मी. से कम अवैध उप–विभाजन जो भवन उपविधि के अनुसार हो:– • आवासीय: भूमि मूल्य का 1.0 प्रतिशत • व्यवसायिक: 2.0 प्रतिशत • कार्यालय/मिश्रित: 1.5 प्रतिशत • सामुदायिक सुविधाएं: 0.5 प्रतिशत (ख) 3000 व.मी. से कम अवैध उप–विभाजन, जिसकी नियमानुसार अनुमति न हो:– • उपरोक्त(क) में निर्धारित दरों का दोगुना शमन शुल्क।

8	भूखण्ड आमेलन	• आवासीय: भूमि मूल्य का 1 प्रतिशत • व्यवसायिक: 2 प्रतिशत • कार्यालय/मिश्रित: 1.5 प्रतिशत • सामुदायिक सुविधाएं: 0.5 प्रतिशत

टिप्पणी:–

(1) 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के एकल आवासीय भवनों हेतु शमन शुल्क की दरें उपरोक्त अनुसूची में निर्धारित दरों की 50 प्रतिशत होगी।

(2) निम्न एवं लघु–मध्यम आय वर्ग (100 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल के भूखण्ड) हेतु शमन शुल्क की दरें उपरोक्त टिप्पणी (1) में निर्धारित दरों में 25 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट होगी।

(3) अनुमन्य भू–आच्छादन एवं एफ.ए.आर. के अन्तर्गत बिना स्वीकृति के किये गये सभी प्रकृति के निर्माण के शमन हेतु भूखण्ड के क्षेत्रफल के आधार पर प्रति वर्ग मीटर निम्न दरें लागू होंगी:–

आवासीय	व्यवसायिक	कार्यालय	सामुदायिक सुविधाएं/अन्य
• 100 व.मी. तक रू. 10	आवासीय का 2.0 गुना	आवासीय का 1.5 गुना	आवासीय का 0.50 गुना
• 101–300 व.मी. रू. 15	तदैव	तदैव	तदैव
• 301–500 व.मी. रू. 20	तदैव	तदैव	तदैव
• 501–2000 व.मी. रू. 25	तदैव	तदैव	तदैव
• 2000 व.मी. से अधिक रू. 25	तदैव	तदैव	तदैव
• शमनीय इकाईयों हेतु रू. 20,000 प्रति इकाई	–	–	–

(4) क्रय–योग्य एफ.ए.आर. के शमन हेतु नियमानुसार देय क्रय–योग्य एफ.ए.आर. शुल्क के अतिरिक्त उपरोक्त अनुसूची में निर्धारित दरों पर शमन–शुल्क भी देय होगा।

(5) एक से अधिक भूखण्डों के आमेलन की स्थिति में शमन शुल्क आमेलित भूखण्डों के कुल क्षेत्रफल पर देय होगा।

(6) शमन शुल्क की गणना करते समय भूमि का मूल्य एक बार ही लिया जाएगा।

(7) चैरीटेबल संस्थाएं जिन्हें आयकर अधिनियम, 1961 की धारा–80 (जी) के अन्तर्गत छूट प्राप्त हो तथा सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा प्राविधानित संस्थाओं/सेवाओं और शिक्षण संस्थाओं हेतु शमन शुल्क की दर भूमि मूल्य का 12.5 प्रतिशत होगी।

(8) शमन योजना, 2020 के अनुसार शमनीय निर्माण के अतिरिक्त अन्य अवैध निर्माण जो भवन उपविधि के विपरीत हो अथवा जिसकी स्वीकृति न दी गयी हो (यथा–पोर्च, बालकनी, छज्जे, आदि), परन्तु शमनीय हो, पर आवासीय भवनों हेतु रू. 100 प्रति वर्ग मीटर की दर से शमन शुल्क लिया जाएगा। व्यवसायिक उपयोग हेतु इसकी दरें दो गुनी, कार्यालय हेतु डेढ़ गुना तथा सुविधायें एवं अन्य उपयोगों में 0.5 गुना होगी।

(9) सामुदायिक सुविधाओं/सार्वजनिक एवं अर्द्ध–सार्वजनिक सुविधाओं के अन्तर्गत सम्बन्धित विकास क्षेत्र की महायोजना के जोनिंग के अनुसार अनुमन्य कियाएं शामिल होंगी यथा–शिक्षण संस्थाएं, चिकित्सा संस्थाएं, अतिथिगृह, छात्रावास, क्लब, सामुदायिक केन्द्र, कान्फ्रेन्स हॉल, बैंक्वेट हॉल, आर्ट गैलरी, ऑडीटोरियम, अनाथालय, बारातघर, अजायबघर, सत्संग भवन, आदि।

6. आवेदन–पत्र के प्रस्तुतीकरण एवं निस्तारण की प्रक्रिया

6.1 आवेदक द्वारा अवैध निर्माण के शमन हेतु स्व–मूल्यांकित शमन शुल्क की धनराशि सहित निर्धारित संलग्न प्रपत्र (परिशिष्ट–1) पर आवेदन–पत्र आवास आयुक्त, आवास विकास परिषद एवं उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण और नियंत्रक प्राधिकारी को ऑन–लाईन/ऑफ–लाईन, प्रस्तुत किया जाएगा। शमन शुल्क की धनराशि लाभार्थी द्वारा एकमुश्त अथवा 03 मासिक किस्तों में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की दिनांक 01.4.2020 की 02 वर्षो हेतु निर्धारित एम.सी.एल.आर. दर में 01 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ साधारण ब्याज़ सहित देय होगी। शमन शुल्क की धनराशि लाभार्थी द्वारा एकमुश्त जमा करने पर सम्पूर्ण देय शमन शुल्क की धनराशि पर 02 प्रतिशत की छूट होगी। किस्तों के भुगतान में डिफाल्ट होने पर बकाया धनराशि आर.सी. जारी कर वसूल की जाएगी। लाभार्थी द्वारा प्रस्तुत मानचित्र तभी स्वीकृत/शमनित माना जाएगा, जब सम्पूर्ण धनराशि वसूल हो जाए। सम्पूर्ण धनराशि जमा होने के पश्चात् ही शमन मानचित्र रिलीज किया जाएगा।

6.2 अपार्टमेन्ट भवनों, जिनमें मूल आवंटी द्वारा अपार्टमेन्ट्स (दुकानें, कार्यालय, आदि) का विक्रय किया जा चुका है, के प्रकरणों में मूल आवंटी अथवा उ.प्र. अपार्टमेन्ट (निर्माण, स्वामित्व और अनुरक्षण का सम्वर्द्धन) अधिनियम, 2010 एवं उसके अधीन अधिसूचित बाई–लाज़ फॉर एसोसिएशन की व्यवस्थानुसार एसोसिएशन/रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से शमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

6.3 आवेदन–पत्र के साथ वांछित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने की दशा में आवेदन–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। शमन हेतु प्रस्तुत आवेदन–पत्र अपूर्ण/स्वीकार्य न होने अथवा निरस्त किए जाने की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा उसकी सूचना तत्काल आवेदक को दी जाएगी।

6.4 आवेदन–पत्र के साथ भूखण्ड के कुल क्षेत्रफल के आधार पर निम्न प्रोसेसिंग शुल्क जमा किया जाएगा:–

क्र.सं.	भवन का प्रकार	प्रोसेसिंग शुल्क
(1)	आवासीय भवन (केवल भूखण्डीय विकास)	रू. 1.0 प्रति वर्ग मीटर
(2)	ग्रुप हाउसिंग	रू. 1.5 प्रति वर्ग मीटर
(3)	व्यवसायिक भवन	रू. 2.0 प्रति वर्ग मीटर
(4)	कार्यालय/मिश्रित उपयोग के भवन	रू. 1.50 प्रति वर्ग मीटर
(5)	सामुदायिक सुविधाएं	रू. 0.50 प्रति वर्ग मीटर

6.5 सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत योजना/ले–आउट प्लान के अन्तर्गत स्थित 300 वर्ग मीटर तक के आवासीय भूखण्डों के मानचित्र प्राधिकरण में प्राप्त होने पर स्वतः अनुमोदित (डीम्ड एप्रूव्ड') माने जाएंगे, जबकि शेष समस्त मानचित्रों की चेकिंग की जाएगी। 'डीम्ड एप्रूव्ड' मानचित्रों (300 वर्ग मीटर तक के आवासीय भूखण्ड) पर प्राधिकरण द्वारा मोहर लगायी जाएगी, जिसमें निम्न शर्त अंकित होगी:–

''यह मानचित्र आवेदक के स्व–प्रमाणीकरण के आधार पर रेण्डम चेकिंग के प्रतिबन्ध के अधीन 'डीम्ड एप्रूव्ड' मान्य है।''

6.6 किस्तों की सुविधा का लाभ लेने वाले आवेदकों के शमन मानचित्र सम्पूर्ण धनराशि जमा होने के पश्चात् तथा जोनिंग रेगुलेशन्स के अधीन अनुमन्य क्रियाओं से सम्बन्धित प्रकरणों में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित होने के पश्चात ही अनुमोदित माने जाएंगे।

6.7 शमन मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त पूर्णता प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि से सम्बन्धित अभिकरण द्वारा 07 दिन के अन्दर पूर्णता प्रमाण–पत्र जारी किया जाएगा।

6.8 योजना अवधि में प्रत्येक माह में 300 वर्ग मीटर तक के आवासीय भूखण्डों के शमन हेतु प्राप्त आवेदन–पत्रों की 'रेन्डम चेकिंग' की जाएगी। यदि उक्त चेकिंग के अन्तर्गत शमन हेतु प्राप्त मानचित्र एवं मौके पर किए गए अवैध निर्माण में भिन्नता पाई जाती है अथवा अवैध निर्माण का कोई भाग अघोषित पाया जाता है, तो ऐसे प्रकरणों में उपरोक्त प्रस्तर–6 में निर्धारित दरों का दोगुना शमन शुल्क वसूल किया जाएगा तथा अशमनीय भाग को नियमानुसार ध्वस्त करने के लिए प्राधिकरण स्वतन्त्र होगा। इस योजना के अनुरूप मानचित्र तैयार करने तथा शमन शुल्क की सही गणना करने का पूर्ण दायित्व आवेदक के साथ–साथ सम्बन्धित वास्तुविद्/अभियन्ता/मानचित्रकार का भी होगा, अतः योजना के प्राविधानों का उल्लंघन पाये जाने पर उनके विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

6.9 शमन हेतु आवेदन–पत्र प्राप्त हो जाने के पश्चात मानचित्र में प्रदर्शित भवन अथवा उसका कोई भाग प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त नहीं किया जाएगा। परन्तु अशमनीय भाग को यदि भवन स्वामी द्वारा शपथ–पत्र में इंगित अवधि के भीतर स्वयं नहीं हटाया जाता है, तो प्राधिकरण द्वारा उसे विधि के अनुसार ध्वस्त किया जाएगा, जिस पर होने वाला सम्पूर्ण व्यय आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा, जिसकी वसूली उ.प्र. नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–40 के अधीन भू–राजस्व के बकाए के रूप में की जाएगी।

6.10 शमन शुल्क की बकाया धनराशि यदि प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट अवधि के अन्दर जमा नहीं की जाती है, तो लाभार्थी से उसकी वसूली उ.प्र. नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–40 के अधीन भू–राजस्व के बकाए के रूप में की जाएगी।

6.11 शमन शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि विकास प्राधिकरण के नगर स्तरीय अवस्थापना विकास फण्ड में जमा की जाएगी, जिसका उपयोग नगरीय अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण/सम्वर्द्धन में किया जाएगा।

6.12 योजनान्तर्गत आवेदन–पत्रों को ऑन–लाईन/ऑफ–लाईन जमा करने, अनुमोदन/ निस्तारण तथा रेन्डम चेकिंग, आदि की कम्प्यूट्रीकृत व्यवस्था के लिए आवास बन्धु, द्वारा सॉफ्टवेयर विकसित कराकर सम्बन्धित अभिकरणों को उपलब्ध कराया जाएगा।

7. शमन हेतु अन्य शर्तें एवं प्रतिबन्ध

7.1 जहां भवन की संरचनात्मक सुरक्षा के सम्बन्ध में स्ट्रक्चरल सेफ्टी प्रमाण–पत्र, अग्निशमन विभाग, पुरातत्व विभाग, एअरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ

इण्डिया, उ.प्र. पर्यावरण निदेशालय, उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, भारतीय रेलवे, कैन्टोनमेंट बोर्ड, नगर निगम, सिंचाई विभाग, आदि से अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता होगी, वहां उक्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा, तत्पश्चात ही शमन की कार्यवाही विचारणीय होगी।

7.2 भूमि का मूल्य विकास प्राधिकरण की वर्तमान सेक्टर (आवासीय) दर पर आंकलित किया जाएगा, प्राधिकरण की दर न होने पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित भूमि के वर्तमान आवासीय सर्किल रेट पर आंकलित किया जाएगा।

7.3 यदि किसी प्रकरण में अवैध निर्माण एक से अधिक प्रकार के अन्तर्गत आता है, तो शमन शुल्क प्रत्येक प्रकार के अवैध निर्माण के लिए देय शुल्क को जोड़कर लिया जाएगा।

7.4 यदि भवन मानचित्र स्वीकृत है, तो शमन शुल्क के अतिरिक्त मानचित्र शुल्क, मलवा शुल्क तथा अन्य निर्धारित शुल्क केवल शमनीय भाग पर देय होंगे। परन्तु मानचित्र स्वीकृत न होने की दशा में मानचित्र शुल्क एवं अन्य सभी निर्धारित शुल्क यथास्थिति, सम्पूर्ण भूखण्ड/निर्मित तल क्षेत्रफल पर देय होंगे।

7.5 जिन भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित करना अनिवार्य है, ऐसे भवनों के स्वामी से इस आशय का शपथ–पत्र लिया जाएगा कि उसके द्वारा शमन मानचित्र की स्वीकृति के पश्चात् दो माह के अन्दर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था कर ली जाएगी। भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग होने के उपरान्त ही प्राधिकरण द्वारा भवन मानचित्र निर्गत किया जाएगा।

7.6 शमन हेतु प्रस्तुत मानचित्र एवं शमन शुल्क की गणना सम्बन्धी विवरण लाइसेन्सयुक्त वास्तुविद/अभियंता/मानचित्रकार द्वारा तैयार/सत्यापित होना चाहिए।

7.7 शमन योजना, 2020 के लागू रहने की अवधि में विकास प्राधिकरण अपराधों का शमन उपविधि, 2010 स्थगित रहेगी।

7.8 प्राधिकरण स्तर पर विचाराधीन शमन सम्बन्धी प्रकरण, जिन्हें अन्तिम रूप से स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है, ऐसे प्रकरणों में शमन योजना, 2020 के अधीन नए सिरे से आवेदन किया जा सकेगा।

8. अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही

8.1 शमन हेतु निर्धारित छः माह की अवधि के अन्तर्गत जिन अवैध निर्माणकर्ताओं द्वारा अवैध निर्माण के शमन हेतु आवेदन नहीं किया जाता है अथवा इस योजना के जारी होने के उपरान्त भी अवैध निर्माण किया जाता है/जारी रखा जाता है, तो उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण द्वारा टीमों का गठन कर उ.प्र. नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–27 एवं 28 के अधीन ऐसे अवैध निर्माणों के अभियोजन/सीलबन्द करने/ध्वस्तीकरण हेतु अभियान चलाया जाएगा।

8.2 महायोजना/जोनल डेवल्पमेन्ट प्लान, ले–आउट प्लान में निर्धारित भू–उपयोग के उल्लंघनस्वरूप किए गए अनाधिकृत निर्माणों के विरूद्ध उक्त अधिनियम की धारा–26 के अधीन अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

9. योजना का प्रचार–प्रसार, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण

9.1 विकास प्राधिकरणों द्वारा जनता की जानकारी हेतु इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। योजना की पब्लिसिटी समाचार–पत्रों, रेडियो, टेलीविज़न, विज्ञापन, प्रेस नोट, महत्वपूर्ण स्थलों पर नोटिस बोर्ड, आदि के माध्यम से की जाएगी। तत्पश्चात् योजना के

अन्तर्गत निर्धारित पात्रता के अनुसार चिन्हित अवैध निर्माणों को नोटिस जारी कर शमन शुल्क एवं अन्य फीस/शुल्क की धनराशि सहित आवेदन–पत्र प्राधिकरण में प्राप्त होने पर अनधिकृत निर्माण के शमन हेतु कार्यवाही की जाएगी।

9.2 सम्बन्धित अभिकरण द्वारा शमन हेतु प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या एवं उनके निस्तारण की प्रगति तथा शमन शुल्क के रूप में प्राप्त धनराशि की साप्ताहिक सूचना आवास बन्धु को 'ई–मेल' के माध्यम से प्रेषित की जाएगी, जिसका अनुश्रवण प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन के स्तर पर किया जाएगा।

9.3 सम्बन्धित अभिकरण द्वारा शमन की सम्पूर्ण कार्यवाही एक पारदर्शी व्यवस्था के तहत सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक जनता इस योजना का लाभ उठा सके और किसी का उत्पीड़न न हो।

9.4 इस योजनान्तर्गत शमन से सम्बन्धित कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में स्पष्टीकरण हेतु राज्य सरकार का निर्णय अन्तिम होगा।

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग

शमन योजना, 2020 के अधीन आवेदन के लिए प्रपत्र

(जो लागू हो, वही भरा जाए)

1.	आवेदक का नाम		
2.	भूखण्ड/भवन संख्या		
3.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)		
4.	भूखण्ड/भवन की स्थिति(पूरा पता)		
5.	भू–उपयोग/भवन का प्रकार		आवासीय (एकल आवास/बहु–आवासीय इकाई/ ग्रुप हाउसिंग)/व्यवसायिक/कार्यालय/मिश्रित/. सामुदायिक सुविधाएं
6.	मानचित्र स्वीकृत अथवा नहीं		हाँ/स्वतः अनुमोदित/नहीं
7.	यदि स्वीकृत है, तो		परमिट संख्या..........................दिनांक..................
8.	संलग्न दस्तावेजों का विवरणः–		संलग्न/नहीं
	8.1	भवन मानचित्र की स्कैन की हुई प्रति	
	8.2	भूमि/भवन स्वामित्व प्रमाण–पत्र	
	8.3	भवन के अद्यतन फोटोग्राफ (सामने, पीछे एवं साइड की ओर)	
	8.4	रेन वाटर हार्वेस्टिंग से सम्बन्धित शपथ–पत्र	
	8.5	निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट–1'क') पर शपथ–पत्र	
9.	अनापत्ति प्रमाण–पत्रों का विवरणः–		
	9.1	अग्निशमन विभाग	
	9.2	पुरातत्व विभाग	
	9.3	स्ट्रक्चरल इंजीनियर का प्रमाण–पत्र	
	9.4	एअरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया	
	9.5	नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इण्डिया	
	9.6	उ.प्र. पर्यावरण निदेशालय	
	9.7	उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	
	9.8	उ.प्र. लोक निर्माण विभाग	
	9.9	नगर निगम	
	9.10	सिंचाई विभाग	
	9.11	नियमानुसार वांछित अन्य अनापत्ति प्रमाण–पत्र	
10.	प्रोसेसिंग फीस जमा करने सम्बन्धी विवरण (रसीद की प्रति संलग्न करें/यू.टी.आर. नम्बर):–		संलग्न/नहीं
	(क)	डिमाण्ड ड्राफ्ट/चेक/चालान संख्या एवं दिनांक	
	(ख)	धनराशि (रूपए)	
	(ग)	जारी करने वाले बैंक का नाम	
11.	शमन शुल्क जमा करने सम्बन्धी विवरण (रसीद की प्रति संलग्न करें/यू.टी.आर. नम्बर):–		संलग्न/नहीं
	(क)	डिमाण्ड ड्राफ्ट/चेक/चालान संख्या एवं दिनांक	
	(ख)	धनराशि (रूपए)	
	(ग)	जारी करने वाले बैंक का नाम	

12.	विकारा शुल्क, मानचित्र शुल्क, भण्डारण शुल्क, निरीक्षण शुल्क तथा अन्य शुल्क जमा करने सम्बन्धी विवरण (रसीद की प्रति संलग्न करें/यू.टी.आर. नम्बर):–			संलग्न/नहीं
	(क)	डिमाण्ड ड्राफ्ट/चेक/चालान संख्या एवं दिनांक		
	(ख)	धनराशि (रूपए)		
	(ग)	जारी करने वाले बैंक का नाम		
13.	अवैध निर्माण का विवरण तथा शमन शुल्क का स्वमूल्यांकन:–			
	क्र. सं.	अवैध निर्माण का प्रकार	अवैध निर्माण का क्षेत्रफल (व.मी./मीटर/संख्या)	शमन शुल्क की धनराशि (रूपए)
	1	2	3	4
	1.	सेट–बैक/भू–आच्छादन		
	2.	एफ.ए.आर.		
	3.	आवासीय इकाईयां		
	4.	बेसमेन्ट		
	5.	कम्पाउण्ड वाल		
	6.	जोनिंग रेगुलेशन्स के अधीन इम्पैक्ट फीस		
	7.	अवैध उप–विभाजन		
	8.	भूखण्ड आमेलन		
		शमन शुल्क का योग–		

14. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। आवेदन–पत्र के साथ संलग्न फोटोग्राफ दिनांक............2020 को लिए गए हैं, जो मेरे एवं तकनीकी अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा फोटोग्राफ के पीछे हस्ताक्षरित हैं। भवन मानचित्र मौके पर दिनांक 01.5.2016/2020 के पूर्व/तक हुए निर्माण की मापों के अनुरूप है, भू–आच्छादन एवं एफ.ए.आर. शमन हेतु निर्धारित अधिकतम सीमाओं के अन्तर्गत है। मानचित्र में दर्शाए गए अशमनीय भाग को मैं निर्धारित अवधि में स्वयं ध्वस्त करूंगा/करूंगी अन्यथा प्राधिकरण को ध्वस्तीकरण का पूर्ण अधिकार होगा। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि शमन शुल्क की गणना इस योजना हेतु निर्धारित दरों के अनुरूप की गई है और कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

आवेदक के हस्ताक्षर..	वास्तुविद्/अभियंता/मानचित्रकार के हस्ताक्षर....................
आवेदक का नाम..	नाम एवं पता...
पता (दूरभाष एवं ई–मेल सहित)........................	....
....	पंजीकरण संख्या...
	दूरभाष ....ई–मेल..

स्थान ....
दिनांक..

परिशिष्ट–1 'क'

शमन योजना–2020 के अधीन शपथ पत्र समक्ष–उपाध्यक्ष,..............विकास प्राधिकरण

(रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर)

मैं/हम/श्री/श्रीमती..पुत्र/पुत्रगण श्री.. निवासी...शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूँ:–

1. यह कि शपथी ने शमन योजना, 2020 का विधिवत अध्ययन कर लिया है। शपथी उक्त योजना के नियमों से भली–भाँति अवगत होते हुए आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर रहा है तथा उक्त योजना में उद्धरित उपविधि से शपथी अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

2. यह कि शपथी ने.............................विकास प्राधिकरण में अपने भवन/भूखण्ड संख्या..............का भवन मानचित्र दिनांक..........................को जमा किया है, जिसमें अशमनीय भाग लाल रंग से दर्शाया गया है, जिसका क्षेत्रफल बेसमेन्ट में ....वर्ग मीटर, भूतल पर......................वर्ग मीटर तथा अनुवर्ती तलों पर कुल ....वर्ग मीटर है। शमन की स्व–मूल्यांकित कुल धनराशि रू. ...., बैंक ड्राफ्ट संख्या.....................दिनांक....................चालान संख्या......................दिनांक...................../आर.टी.जी.एस. द्वारा प्राधिकरण में जमा कर दी गई है, जिसकी रसीद/यू.टी.आर. संख्या संलग्न है।

3. यह कि अशमनीय भाग शपथी स्वयं हटा लेगा अन्यथा नियत अवधि के पश्चात उसे प्राधिकरण द्वारा हटाया जा सकेगा जिसका हर्जा–खर्चा शपथी पर उचित भार होगा और शपथी द्वारा उक्त खर्चा न देने की स्थिति में प्राधिकरण, उ.प्र. नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–40 के अधीन जिलाधिकारी के माध्यम से राजस्व के बकाये की भाँति वसूल कर लेगा।

4. यह कि प्रश्नगत भूखण्ड पर शपथी का निर्विवादित स्वामित्व है। स्वामित्व के सम्बन्ध में भविष्य में कोई विवाद होने पर उसका दायित्व स्वयं शपथी का होगा।

5. यह कि शपथी के भूखण्ड पर निर्माण वर्ष..................का है, जिसके प्रमाणस्वरूप नगर निगम/नगरपालिका परिषद द्वारा जारी कर निर्धारण/गृहकर से सम्बन्धित स्वप्रमाणित रसीद की प्रति संलग्न है।

6. यह कि शपथी के मानचित्र में दर्षाये गये एवं मौके पर किये गये अवैध निर्माण में प्राधिकरण द्वारा रेण्डम चेकिंग के अन्तर्गत यदि कोई भिन्नता पायी जाती है अथवा अवैध निर्माण का कोई भाग अघोषित पाया जाता है, तो प्रार्थी शमन योजना, 2020 के प्रस्तर–6 में निर्धारित दरों का दो गुना शमन शुल्क प्राधिकरण में जमा करने के लिए वचनबद्ध होगा तथा अषमनीय भाग को नियमानुसार ध्वस्त करने के लिए प्राधिकरण स्वतन्त्र होगा।

7. यह कि उपरोक्त पैरा एक से पांच की विषय–वस्तु शपथी की जानकारी में सत्य है। इसमें कोई भी बात छिपायी नहीं गयी है। ईश्वर मेरी मदद करें।

संलग्नक: (1) शमन शुल्क जमा करने की रसीद/यू.टी.आर. नम्बर।

(2) कर निर्धारण/गृहकर से सम्बन्धित प्रमाणित रसीद की प्रति।

स्थान .... शपथी,

दिनांक ....

नाम..

पुत्र/पत्नी श्री..........................

प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या : 1267 /आठ–8–2020–301काम्प/2018

प्रेषक,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आयुक्त,
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. समस्त नियंत्रक प्राधिकारी/जिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
3. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण
उत्तर प्रदेश।
4. उपाध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8 **लखनऊ : दिनांक: 20, नवम्बर, 2020**

विषयः– प्रदेश के विभिन्न अभिकरणों के क्षेत्रान्तर्गत किये जा रहे अवैध निर्माण के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1554/आठ–8–2018–301काम्प/2018 दिनांक 17.09.2018, शासनादेश संख्या–1554(1)/आठ–8–2018–301काम्प/2018 दिनांक 27.09.2018 एवं शासनादेश संख्या–1725/आठ–8–2018–301काम्प/2018 दिनांक 12.10.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–15 के अधीन विकास क्षेत्र में कोई भी विकास/निर्माण कार्य करने से पूर्व अनुज्ञा तथा धारा–15ए के अधीन पूर्णता प्रमाण–पत्र (Completion Certificate) प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। भू–माफियाओं द्वारा शासकीय भूमियों पर कब्जा कर अवैध निर्माण किये जाने तक विकासकर्ताओं द्वारा विभिन्न अभिकरणों की महायोजना में निर्धारित भू–उपयोग के विपरीत ले–आउट प्लान/तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना आवासीय/व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग के भवनों का निर्माण निर्धारित मानकों के विपरीत किये जाने की सूचना समय–समय पर शासन के संज्ञान में आती रहती है। शासकीय भूमियों पर अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण/रोकथाम हेतु समय–समय पर शासन द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–26, 27 एवं 28 के अधीन प्रभावी कार्यवाही/अनुश्रवण नहीं किये जाने के कारण अवैध निर्माण पर प्रभावी रोक लगने के स्थान पर उसमें लगातार वृद्धि हो रही है। विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद की "मासिक समीक्षा–समस्या विश्लेषण व निदान" की समीक्षा बैठक में अवैध

निर्माण को चिन्हित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जाते रहे हैं। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन और विकास अधिनियम, 1973, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि, 2008 तथा अन्य संगत शासनादेशों के अनुसार नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्राधिकरणों/अभिकरणों के क्षेत्राधिकार अन्तर्गत आने वाले समस्त अवैध निर्माणों को चिन्हित कर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। अवैध निर्माण को सील करने एवं ध्वस्तीकरण किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाय। शासकीय भूमियों पर कब्जा कर किये गये अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाय। अवैध निर्माण एवं ध्वस्तीकरण के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की पूर्ण सूचना/आख्या संलग्न प्रारूप पर आवास बन्धु को उपलब्ध कराया जाय। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की संकलित सूचना आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाय। कृपया उपरोक्त समस्त कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायी जाय।

<u>संलग्नक : यथोक्त।</u>

भवदीय,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को इस अनुरोध के साथ कि कृपया ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हेतु सम्बन्धित प्राधिकरणों/अभिकरणों को ससमय पुलिस बल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त सूचनाएं प्राप्त कर संकलित सूचना विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक से पूर्व शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,
20.11.2.20
(मनोज कुमार मौर्य)
अनु सचिव

शासनादेश संख्या–   /आठ–8–2020–301काम्प/2018 दिनांक   11.2020 का संलग्नक

दिनांक 01 अप्रैल 2020 से सील/ध्वस्तीकरण प्रकरणों की सूचना का प्रारूप

क्र0 सं0	वाद संख्या	विपक्षी का नाम	निर्माण स्थल	सील किये जाने का आदेश दिनांक	निर्माण के ध्वस्तीकरण हेतु पारित आदेश संख्या व दिनांक	स्थल पर निर्माग सील/ध्वस्तीकरण किये जाने का दिनांक	वर्तमान स्थिति
1	2	3	4	5	6	7	8

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव

शुल्क / फीस निर्धारण

I/19813/2020

उत्तर प्रदेश शासन

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 17 फरवरी, 2020

अधिसूचना

प्रदेश में स्थाई व सतत् औद्योगिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तथा घरेलू एवं निर्यात बाजार में राज्य निर्मित उत्पादों की क्षमता में वृद्धि हेतु एक जीवंत वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में औद्योगिक विकास विभाग की अधिसूचना संख्या–649/77–6–18–एल0सी04/18 दिनांक 27.02.2018 द्वारा वेयरहाउसिंग एवं लाजिस्टिक्स अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति–2018 प्रख्यापित की गयी है जिसे अधिसूचना संख्या–05/2019/547/77–6–19–एन.सी.–04/18 दिनांक 22 जुलाई, 2019 द्वारा संशोधित किया गया है। उक्त नीति (यथा संशोधित) में यह प्राविधान है कि निजी लॉजिस्टिक्स पार्क तथा लाजिस्टिक्स इकाईयों के विकासकर्ताओं को भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही यह भी प्राविधान है कि लॉजिस्टिक्स पार्क तथा लॉजिस्टिक्स इकाइयों से 25 प्रतिशत विकास शुल्क लिया जाएगा।

2– उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा–53 में इस अधिनियम के उपबन्धों अथवा इसके अधीन बनायी गयी नियमावलियों या विनियमों से छूट के संबंध में निम्नवत प्राविधान है :–

"इस अधिनियम के अन्तर्गत किसी बात के अंतर्विष्ट होते हुए भी, राज्य सरकार, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा ऐसी शर्तो एवं निबन्धनों के अधीन, यदि कोई हो, जो ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाये, किसी भूमि या भवन को अथवा भूमि या भवन के किसी वर्ग को इस अधिनियम अथवा तद्न्तर्गत निर्मित किसी नियम अथवा विनियम के सभी अथवा किन्हीं उपबन्धों से छूट प्रदान कर सकेगी।"

3– आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्या–2281/8–3–14–194 विविध/14, दिनांक 11.12.2014 के माध्यम से उ0प्र0 नगर योजना और विकास (भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 अधिसूचित की गई है, जिसके नियम–3(तीन) के अन्तर्गत यह प्राविधान है कि जहाँ पर पूर्ण या आंशिक रूप से भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क के भुगतान को अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा छूट प्रदान की जाती है तो भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क उद्ग्रहीत नहीं होगा।

इसके अतिरिक्त उक्त विकास शुल्क नियमावली के नियम–3(छ:) में यह प्राविधान है कि जहाँ अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क के भुगतान से पूर्ण या आंशिक छूट प्रदान की गई हो, वहाँ भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क, छूट की सीमा तक उद्ग्रहणीय नहीं होगा।

अतएव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 (अधिनियम संख्या–11 सन् 1973) की धारा 53 में वर्णित छूट संबंधी प्राविधानों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति–2018 में परिभाषित निजी लॉजिस्टिक्स पार्क तथा लॉजिस्टिक्स इकाईयों को भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट दिए जाने तथा विकास प्राधिकरण की महायोजना (मास्टर प्लान) क्षेत्र में लागू विकास शुल्क दर का 25 प्रतिशत का भुगतान किए जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं :–

(1) उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति–2018 में परिभाषित इकाईयों को ही शुल्क से छूट की सुविधा अनुमन्य होगी।

(2) इकाईयों द्वारा सभी अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक स्वीकृतियाँ स्वयं प्राप्त की जाएगी।

(3) इकाई के लिए उद्यमी द्वारा स्थल का चयन यथा सम्भव ऐसे स्थान पर किया जाएगा, जहां पर बिजली, सड़क, पानी, सीवर नाला (ड्रेनेज) आदि वाह्य विकास की सुविधाएं उपलब्ध हों।

(4) उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति–2018 की अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाना होगा।

(5) उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति–2018 तथा इस अधिसूचना की किसी शर्त का उल्लंघन किए जाने पर शुल्क में दी गई छूट की समस्त धनराशि 15 प्रतिशत साधारण ब्याज सहित राज्य सरकार को वापस करनी होगी, अन्यथा उसकी वसूली भू–राजस्व के बकाये की भाँति की जाएगी।

कृपया उपरोक्त प्राविधानों का अनुपालन कराते हुए प्रभावी महायोजना के जोनिंग रेगुलेशन्स में यथावश्यक संशोधन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव.

संख्या–1/19813 (1) –तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

(1) प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
(2) आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, उत्तर प्रदेश।
(3) जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
(4) उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(5) अध्यक्ष/जिलाधिकारी, समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(6) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(7) निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अधिसूचना की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराते हुए समस्त संबंधित को तामील कराने का कष्ट करें।
(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-36/2020/135/आठ–1–20–03बैठक/13 टीसी

प्रेषक,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. **अध्यक्ष/जिलाधिकारी,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊः दिनांकः 15 जुलाई, 2020**

विषयः– **कोविड–19 के दृष्टिगत उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की सम्पत्तियों के सापेक्ष देयता के सम्बंध में दिशा–निर्देश।**

महोदय,

केन्द्र सरकार द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत घोषित आर्थिक पैकेज के क्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्गत प्रपत्र क्रमशः दिनांक 27 मार्च एवं 23 मई, 2020 तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के परिपत्र दिनांक 28 मई, 2020 के आलोक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की सम्पत्तियों के सापेक्ष देयता के सम्बंध में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार कार्यवाही का निर्णय लिया गया है:–

(1) सभी देयताओं पर दिनांक 01.03.2020 से दिनांक 31.08.2020 तक की अवधि के लिए कोई दण्ड ब्याज अधिरोपित नहीं किया जायेगा, बशर्ते उक्त देयता दिनांक 30.09.2020 तक जमा कर दी जाये। उक्त अवधि में देय किश्तों/एकमुश्त धनराशि की वसूली संबंधित विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद की सामान्य ब्याजदर सहित की जायेगी।

(2) आवासीय/व्यवसायिक सम्पत्तियों के आवंटन में देय धनराशि 45/60 दिन में एकमुश्त जमा किये जाने पर यदि कोई छूट अनुमन्य हो तो उक्त 45/60 दिन की गणना में दिनांक 01.03.2020 से दिनांक 31.08.2020 तक की अवधि को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(3) उपरोक्त बिन्दु–(1) व (2) को किसी प्रकार का "Concession" या Change in terms and conditions of agreement" नहीं माना जायेगा। पूर्व से लागू terms and conditions of agreement यथावत बने रहेंगे।

2– इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासन के उक्त निर्णय के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4. निजी सचिव, मा. मंत्री जी/मा. राज्य मंत्री जी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन।
5. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ.प्र., लखनऊ।
6. निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करते हुए इसका प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(माला श्रीवास्तव)
विशेष सचिव

संख्या-6/2020/829/आठ-3-2020-211 विविध/13 टी.सी.

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. अध्यक्ष/जिलाधिकारी,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

4. जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उत्तर प्रदेश।

वास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 29 जुलाई, 2020

विषय:- कोविड-19 के दृष्टिगत सक्षम स्तर से स्वीकृत योजनाओं के मानचित्रों के सापेक्ष शुल्कों की देयता के संबंध में दिशा-निर्देश।

महोदय,

केन्द्र सरकार द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत घोषित आर्थिक पैकेज के क्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्गत प्रपत्र क्रमश: दिनांक 27 मार्च एवं 23 मई, 2020 तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के परिपत्र दिनांक 28 मई, 2020 के आलोक में सक्षम स्तर से स्वीकृत मानचित्र के ऐसे प्रकरणों जिनमें किश्तों में शुल्कों को लिये जाने की व्यवस्था है, के सम्बंध में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार कार्यवाही का निर्णय लिया गया है :-

(1) सभी देयताओं पर दिनांक 01.03.2020 से दिनांक 31.08.2020 तक की अवधि के लिए कोई दण्ड ब्याज अधिरोपित नहीं किया जायेगा, बशर्ते उक्त देयता दिनांक 30.09.2020 तक जमा कर दी जाये। उक्त अवधि में देय किश्तों/एकमुश्त धनराशि की वसूली संबंधित विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद की सामान्य ब्याजदर सहित की जायेगी।

(2) देय धनराशि एकमुश्त जमा किये जाने पर यदि कोई छूट अनुमन्य हो तो एकमुश्त भुगतान की निर्धारित अवधि की गणना में दिनांक 01.03.2020 से दिनांक 31.08.2020 तक की अवधि को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(3) उपरोक्त बिन्दु-(1) व (2) को किसी प्रकार का "Concession" या Change in terms and conditions of agreement" नहीं माना जायेगा। पूर्व से लागू terms and conditions of agreement यथावत बने रहेंगे।

2- इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासन के उक्त निर्णय के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

दीपक कुमार
प्रमुख सचिव।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0
4. निजी सचिव, मा. मंत्री जी/मा. राज्य मंत्री जी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन।
5. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6. निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शासनादेश को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करते हुए इसका प्रचार-प्रसार करने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इन पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

वित्तीय प्रबन्धन

संख्या:1/2020/06/आठ-1-20-08बजट/17

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक: 06 जनवरी, 2020

विषयः- जनपद-लखनऊ में सी0एस0आई0 एजूकेशनल सोसाइटी (संस्कृति विद्यालय) के निर्माण कार्य सम्बन्धी परियोजना की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ट्रेजरार-सी0एस0आई0 एजुकेशनल सोसाइटी, राजभवन कॉलोनी, लखनऊ के पत्रांक-टी0एस0एस0एल0/बजट एवं अनुदान अभिलेख/2017-18/05, दिनांक 20-11-2019 एवं प्रधानाचार्या, टी0एस0एस0एल0, लखनऊ के पत्रांक-टी0एस0एस0एल0/बजट एवं अनुदान अभिलेख/2017-18/05, दिनांक 19-12-2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि, जनपद-लखनऊ में सी0एस0आई0 एजुकेशनल सोसाइटी (संस्कृति विद्यालय) के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 222 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रु0 11100000 (रूपये एक करोड़ ग्यारह लाख मात्र) की धनराशि वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) उक्त वित्तीय स्वीकृति का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा तैयार कर तत्काल कोषागार से धनराशि आहरण कर इसकी सूचना शासन को तथा महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज को दी जायेगी एवं आहरित धनराशि सचिव, सी0एस0आई0 एजुकेशनल सोसाइटी लखनऊ को तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी।

(2) धनराशि का प्रत्येक माह कोषागार से आहरण यथासंभव आनुपातिक आधार पर आवश्यकतानुसार किया जायेगा ।

(3) स्वीकृत धनराशि के उपयोग के संबंध में वित्त नियम संग्रह खण्ड-5 (भाग-1) के अध्याय सोलह-ए में दिये गये सहायक अनुदान के लिए सामान्य नियमों के साथ-साथ तत्संबंधी स्थायी आदेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(4) धनराशि का आवंटन (एलाटमेंट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है, जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(5) व्यय के प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वित्तीय धनराशि के सापेक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06.06.1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक, डिपाजिट खाते में न रखने, उपकरणों आदि का क्रय स्टोर पर्चेज रूल्स एवं संगत वित्तीय नियमों के तहत किया जाना सी0एस0आई0 एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के 2202-सामान्य शिक्षा-02-माध्यमिक शिक्षा-110-गैर सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता-03-संस्कृति स्कूल के संचालन हेतु सी0एस0आई0 एजुकेशन सोसाइटी को अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या:1/2020/06(1)/आठ-1-20, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहरभवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
6. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
9. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
10. सचिव, सी0एस0आई0एजूकेशनल सोसायटी (संस्कृति विद्यालय), लखनऊ।
11. लेखा अनुभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर सचिव, सी0एस0आई0एजूकेशनल सोसायटी, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 08 जनवरी, 2020

विषयः- गोरखपुर शहर में लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग) द्वारा जंगल कौड़िया से मोहद्दीपुर तक फोरलेन निर्माण एवं विद्युत विभाग द्वारा लाईन शिफ्टिंग कार्य संबंधी परियोजना की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, गोरखपुर के पत्रांक-846/वि0का0सं0(गो0), दिनांक 25 जून, 2019 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गोरखपुर शहर में लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग) द्वारा जंगल कौड़िया से मोहद्दीपुर तक फोरलेन निर्माण एवं विद्युत विभाग द्वारा लाईन शिफ्टिंग कार्य संबंधी परियोजना हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अंश रू0 23.635 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 40 प्रतिशत धनराशि रू0 9.454/- करोड़ (रू0 नौ करोड़ पैंतालीस लाख चालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी तथा कार्यदायी संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि एक मुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक /डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(6) कार्यदायी संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(7) कार्यदायी संस्था द्वारा लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(8) कार्यदायी संस्था द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(9) कार्यदायी संस्था को सेन्टेज देय नहीं होगा। कार्यदायी संस्था द्वारा 1 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

(10) कार्यदायी संस्था द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) उक्त धनराशि का भुगतान वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं शर्तों के अन्तर्गत ही किया जायेगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) स्वीकृत धनराशि का बिल आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के लेखा अनुभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा उसे तत्काल कोषागार से आहरित करके आहरण के वाउचर संख्या व तिथि की सूचना शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को दी जायेगी। आहरित धनराशि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 वाराणसी को तुरन्त उपलब्ध करायी जायेगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी द्वारा संबंधित बैंक का एकाउन्ट नं0 एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड शासन को तत्काल उपलब्ध कराया जायेगा।

(13) कार्यदायी संस्था द्वारा मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक लखनऊ के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(14) जिलाधिकारी, गोरखपुर के उपरोक्त पत्र दिनांक 25 जून, 2019 में किये गये अनुरोध के क्रम में उक्त धनराशि प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 वाराणसी के पक्ष में निर्गत की जा रही है।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-2 के "लेखाशीर्षक-4217-शहरी विकास पर पूंजीगत परिव्यय-60-अन्य शहरी विकास योजनायें-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (नये कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-8-2380/दस-2019, दिनांक-01 जनवरी, 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीया,
अपूर्वा दुबे
विशेष सचिव।

संख्या :02/2020/1017(1)/आठ-1-20, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग, उ0प्र0 शासन को उनके अर्द्धशा0 पत्र संख्या-1918/चौबीस-पी-1-2018, दिनांक 19 जुलाई, 2018 के क्रम में।
2. महालेखाकार (लेखाएवंहकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
4. मण्डलायुक्त, गोरखपुर।
5. जिलाधिकारी, गोरखपुर।
6. उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर।
7. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 वाराणसी।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
10. निदेशक, आवास बन्धु को शासनादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
11. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
12. नियोजन अनुभाग-4, उ.प्र. शासन।
13. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। (लेखा अनुभाग) को इस अनुरोध के साथ कि धनराशि का कोषागार से आहरण कर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 वाराणसी को धनराशि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अरूणेश कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या:4/2020/2602/आठ-1-20-33बजट/2017

प्रेषक,

अपूर्वा दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक :10 जनवरी, 2020

विषय:- जनपद वाराणसी में कचहरी के सामने भूमिगत पार्किंग के निर्माण सम्बन्धी परियोजना की वित्तीय स्वीकृति (2019-20) के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परियोजना प्रबंधक, कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, ग्लोबल कान्स्ट्रक्शन एवं कन्सलटेन्सी सेल, निर्माण इकाई-वाराणसी के पत्र संख्या-2158/डब्ल्यू-83/138, दिनांक 12.12.2019, शासनादेश संख्या-1596/आठ-1-18-33बजट/2017, दिनांक 28 सितम्बर, 2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद वाराणसी में कचहरी के सामने भूमिगत पार्किंग के निर्माण सम्बन्धी परियोजना की मूल्यांकित लागत रू0 1915.81 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में 40 प्रतिशत धनराशि रू0 766.324 लाख (रूपये सात करोड़ छाछठ लाख बत्तीस हजार चार सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार परियोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

